शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 125 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 31 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भारत को आत्मनिर्भर बनाया: मोदी

### आज हर भारतीय विकसित भारत के सपने के साथ जुड़ गया है: पीएम



**चंडीगढ़**
भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। मोदी ने कहा कि विपक्षी दलों की वोट बैंक की राजनीति के कारण देश का बहुत नुकसान हुआ है। सातवें एवं अंतिम चरण के चुनाव प्रचार के समापन से पहले प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को पंजाब के होशियारपुर में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने होशियारपुर से भाजपा प्रत्याशी अनिता सोम प्रकाश और आनंदपुर साहिब से पार्टी प्रत्याशी सुभाष शर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हर भारतीय विकसित भारत के सपने के साथ जुड़ गया है। 21वीं सदी भारत की सदी होगी। पिछले दो कार्यकाल के दौरान दमदार सरकार ने जहां सर्जिकल स्ट्राईक की वहीं भारत को आत्मनिर्भर व समृद्ध भी बनाया। उन्होंने कहा कि छह चरणों के मतदान से आ रहे रूझान में यह साफ हो चुका है कि भाजपा बहुमत हासिल कर चुकी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि तीसरी बार सरकार बनते ही क्या प्रमुखता होगी। अगले 125 दिनों का क्या रोड मैप होगा। पहले 25 दिन युवाओं के लिए केंद्रित होंगे। अगले पांच साल में सरकार कौन-कौन से बड़े फैसले लेगी। यह सब तय हो चुका है। चुनाव परिणाम से पहले भी भाजपा पांच साल का रोड मैप और 25 साल का विजन तैयार कर चुकी है। उन्होंने तीसरे कार्यकाल के दौरा पंजाब के आदमपुर हवाई अड्डे का नाम गुरु रविदास के नाम पर रखने का ऐलान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार विरासत भी और विकास भी के मंत्र पर काम कर रही है। विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन की वोट बैंक वाली राजनीति के कारण देश का नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने वोटबैंक के कारण राम मंदिर निर्माण का विरोध किया और अब सीएए का विरोध किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस द्वारा दिए गए संविधान बचाओ के नारे को ढोंग बताते हुए कहा कि वर्ष 1984 में हुए दंगों के दौरान सिखों के गले में टायर डालकर जब उन्हें जिंदा जलाया जा रहा था तो उस समय कांग्रेस का संविधान कहां गया था।

#### 'कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी कर लिया'

**पीएम** ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी कर लिया है। अब आम आदमी पार्टी भी इसमें जुड़ गई है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को भ्रष्टाचार करने में 70 साल लगे लेकिन आप वाले तो जन्म से ही भ्रष्टाचारी पैदा हुए हैं। चुनाव में इन्होंने नशे को लेकर भाषण दे देकर पंजाब को बदनाम कर दिया और सरकार बनते ही नशे को ही अपनी कमाई का साथी बना लिया। पंजाब में खेती और उद्योग को बर्बाद कर दिया। नारी उत्पीड़न में भी यह सबसे आगे हैं। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले वीरों का अपमान करते हैं। इन्होंने जनरल बिपिन रावत को गली का गुंडा कहा था। यह सेना का अपमान था।

## पंजाब में प्रधानमंत्री के आने से पहले हैलीपेड की तरफ छोड़ा नहर का पानी

### प्रधानमंत्री के आने से पहले खोला नहर का फाटक, हैलीपेड की तरफ आने से रोका गया पानी

**चंडीगढ़**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान गुरुवार को शरारती तत्वों ने रैली स्थल से महज तीन किलोमीटर की दूरी से निकल रही नहर के गेट खोलकर पानी छोड़ दिया। इस वजह से आसपास के इलाकों में पानी जमा हो गया। तत्काल हरकत में आए प्रशासन ने हैलीपेड की तरफ जाने वाले रास्तों पर जेसीबी से गढ्ढे करके पानी का बहाव मोड़ा। जिला उपायुक्त कोमल मित्तल ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को पंजाब दौरे पर थे। रैली स्थल से तीन किलोमीटर दूर बस्सी गुलाम हुसैन कंडी कनाल नहर निकलती है। नहर के नजदीक ही पीएम के हेलीकॉप्टर को उतारने के लिए हैलीपैड बनाया गया था। प्रधानमंत्री के आने से कुछ देर पहले किसी ने नहर का फाटक (गेट वॉल्व) खोल दिया। इस वजह से नहर का पानी तेज गति से निकलने लगा और आसपास के इलाकों में सड़क पर भी पानी आ गया। प्रशासन के अधिकारियों ने स्थिति को संभालते हुए आनन-फानन में पानी का बहाव रोकने के लिए जेसीबी से गढ्ढे खुदवाए, जिससे पानी हैलीपेड तक नहीं जा सका।

#### 'सरकार का लक्ष्य सेना को आधुनिक बनाना'

**पीएम ने कहा** कि कांग्रेस राज में सेना को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। तेजस फाइटर प्लेन के प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। वन रैंक वन पेंशन के लिए सवा लाख करोड़ रुपये हमारी सरकार ने खर्च किए। हमारा लक्ष्य भारतीय सेना को सबसे ज्यादा आधुनिक बनाना है। मोदी ने कहा कि सेना 26 जनवरी में परेड के लिए नहीं दुश्मन से लड़ाई के लिए तैयार की जाती है। मुझे गालियां दो लेकिन देश की सेना का अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करूंगा। रैली में मोदी ने बड़ा एलान किया कि आदमपुर हवाई अड्डे का नाम गुरु रविदास के नाम पर रखा जाएगा।

## विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान मुद्रा में बैठे मोदी



### विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान मुद्रा में बैठे पीएम मोदी, अगले 45 घंटे तक नहीं खाएंगे अन्न

**कन्याकुमारी**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पंजाब के होशियारपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस रैली को संबोधित करने के साथ ही पीएम मोदी ने अपने लोकसभा चुनाव अभियान का समापन कर दिया। चुनाव आयोग द्वारा 16 मार्च को जारी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर में कुल 206 रैलियां और रोड शो जैसे जनसंपर्क कार्यक्रम किए।

कन्याकुमारी पहुंचे पीएम मोदी वहीं, प्रधानमंत्री मोदी अपनी चुनावी अभियान के समापन के बाद कन्याकुमारी पहुंचे। यहां वह कन्याकुमारी के प्रतिष्ठित विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान करेंगे। पीएम मोदी 30 मई की शाम से एक जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान लगाएंगे। ध्यान में जाने से पहले उन्होंने यहां की प्रसिद्ध श्री भगवती अम्मन मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। मालूम हो कि पीएम मोदी भी उसी स्थान पर दिन-रात ध्यान करेंगे, जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था।

**76 दिनों में किए 206 जनसंपर्क कार्यक्रम**

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी ने 145 रैलियों को संबोधित किया था। इस बार उन्होंने इस आंकड़े को पार कर लिया। इस बार उनकी चुनावी रैली पिछले साल की 68 दिनों के मुकाबले 76 दिनों की थी। मालूम हो कि जब चुनाव आयोग ने चुनावी कार्याक्रम की घोषणा की थी, उस समय भी पीएम मोदी दक्षिण भारत की यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने दक्षिण भारत के सभी पांच राज्यों को कवर किया था।

## बाढ़ ने मणिपुर में मचाई तबाही, तीन की मौत

**इंफाल**
मणिपुर की इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि हजारों लोग प्रभावित हुए। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बुधवार को सेनापति जिले के थोंगलांग रोड पर भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि 83 वर्षीय एक महिला उफनती सेनापति नदी में डूब गई। उन्होंने बताया कि इंफाल में 75 वर्षीय एक व्यक्ति की बुधवार को बारिश के दौरान बिजली के खंभे के संपर्क में आने से करंट लगने से मौत हो गई। अधिकारी ने आगे जानकारी इम्फाल नदी के उफनने से कई इलाके जलमग्न हो गए और इंफाल घाटी में सैकड़ों घरों में पानी घुस गया, जिसके परिणामस्वरूप लोगों ने पास के सामुदायिक भवनों में शरण ली। उन्होंने बताया,"नंबुल नदी में उफान के कारण खुमान लैंपक, नगरम, सगोलबंद, उरीपोक, कीसमथोंग और पाओना क्षेत्रों सहित इंफाल पश्चिम जिले के कम से कम 86 इलाकों में बाढ़ की सूचना मिली है। लगातार बारिश के कारण, इम्फाल नदी का तट इंफाल पूर्वी जिले के केइरंग, खाबम और लैरीयेंगबाम लीकाई इलाकों के पास टूट गया है और कई इलाकों में पानी घुस गया है, जिससे सैकड़ों घर डूब गए हैं।"

## प्रज्वल ने अश्लील वीडियो मामले में अग्रिम जमानत याचिका की दायर

**बेंगलुरु**
जद (एस) के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने कथित अश्लील वीडियो मामले में बुधवार को अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। जमानत याचिका बेंगलुरु सत्र अदालत में दायर की गई है। इससे पहले, प्रज्वल रेवन्ना ने सोमवार को एक वीडियो जारी किया जिसमें कहा कि वह पूछताछ के लिए 31 मई को विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होंगे वहीं, रेवन्ना ने कहा कि उनकी यात्रा पूर्व नियोजित थी क्योंकि 26 अप्रैल को आम चुनाव के लिए कर्नाटक में मतदान होने पर उनके खिलाफ कोई मामला नहीं था। उन्होंने अपने खिलाफ राजनीतिक साजिश का भी आरोप लगाया क्योंकि वह राजनीति में आगे बढ़ रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार रेवन्ना का स्थान अभी भी अज्ञात है और माना जाता है कि वह जर्मनी में है।

## पंजाब की आआपा सरकार का रिमोर्ट दिल्ली के शीशमहल वालों के पास: नड्डा


### भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अमृतसर में रैली को किया संबोधित



**अमृतसर**
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि पंजाब में पहले वाली कांग्रेस की सरकार दिल्ली दरबार में जाकर मत्था टेकती थी और अब की भगवंत मान सरकार दिल्ली के शीशमहल में जाकर मत्था टेकती है। नड्डा ने गुरुवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पंजाब के अमृतसर व फरीदकोट में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान का वादा करने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) के मुखिया के घर में ही एक महिला सांसद के साथ मारपीट हुई और अब पंजाब सरकार के मंत्री का अश्लील वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस पर आआपा चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब की पहचान को समाप्त कर दिया है।

ये कागजी शेर पंजाब को राज्य के भीतर से नहीं, बल्कि दिल्ली से चला रहे हैं। नड्डा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अफगानिस्तान से प्रताड़ित होकर भारत आए सिख भाइयों को बलात्कारी और चोर कहकर उनका अपमान करते हैं, लेकिन मोदी सरकार ने सीएए लागू कर सिख भाइयों को भारत की नागरिकता दी। नड्डा ने कहा कि तिरंगे के तीनों रंग पंजाब में देखने को मिलते हैं। पंजाब में शहादत का लहू दिखता है, सद्भाव का सफेद रंग दिखता है और पंजाब के किसानों के माध्यम से हरियाली की क्रांति दिखती है।

## हरियाणा और उप्र से पानी लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी केजरीवाल सरकार



**नई दिल्ली**
बढ़ती गर्मी से दिल्ली के लोग पहले से परेशान हैं। ऐसे में पानी की कमी ने दिल्लीवासियों की परेशानी और बढ़ा दी है। गर्मी के दिनों में पानी की आपूर्ति को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा समर एक्शन प्लान के मुद्दे पर दिल्ली के उपराज्यपाल पहले ही आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार को कठघरे में खड़ा कर चुके हैं। अब दिल्ली में पानी की कमी पर धरना प्रदर्शन के साथ राजनीति शुरू हो गई। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को यहां पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में पानी का संकट बना हुआ है। इसका मुख्य कारण हरियाणा से दिल्ली को पानी ना देना है। दिल्ली यमुना के पानी पर निर्भर है। वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जलशोधन सयंत्र में यमुना का पानी जाता है। अगर यमुना में पानी नहीं होगा तो इन प्लांट में पानी कैसे आएगा। आज दिल्ली सरकार पानी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जा रही है। कोर्ट से रिक्वेस्ट करेंगे कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश को आदेश दे कि वो दिल्ली का पानी दें। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में टैंकर से पानी की समुचित आपूर्ति करने लिए एक नियंत्रण कक्ष बना रहे हैं। यह नियंत्रण कक्ष एक सीनियर आईएसएस अधिकारी की देखरेख में संचालित होगा। दिल्ली के सभी 11 वाटर जोन पर एक एसडीएम की नियुक्ति की जाएगी। भवन निर्माण में भूमिगत जल के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जा रहा है। कल (शुक्रवार) से डीपीसीसी अधिकारी इसे चेक करेंगे।

## भ्रष्टाचार में 'आआपा' के कई नेता जेल और बेल पर हैं : सीएम योगी



### उप्र के मुख्यमंत्री ने लुधियाना एवं फतेहगढ़ में किया जनसभाओं को संबोधित

### आआपा भ्रष्टाचार के खिलाफ ही खड़ी हुई थी लेकिन अपने लक्ष्य से भटक गई

**लुधियाना**
इस चुनाव में एक तरफ सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण एवं विरासत का सम्मान करने वाली भारतीय जनता पार्टी है तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन है। आम आदमी पार्टी अब दागी पार्टी बन चुकी है। यह देश का पहला राजनीतिक दल है जिसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई है। आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ी हुई थी लेकिन इसके कई नेता भ्रष्टाचार के मामले में ही आज जेल-बेल पर हैं। यह पार्टी पंजाब की भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है। पंजाब ने समृद्धि के नए मानक गढ़े हैं लेकिन अब यहां माफिया हावी हो गए हैं। पंजाब का युवा सुरक्षा करने के बाद अपना पसीना बहाकर हरित क्रांति के सपने को साकार करता था। पंजाब के कारण भारत सोने की चिड़िया कहलाने का हकदार था पर आज यहां के युवाओं को ड्रग माफिया की चपेट में देखकर मेरा हृदय रोता है।

पंजाब की स्थिति देखकर दुख होता है कि कांग्रेस और आप इसे कहां लेती गई। यह दिल्ली में मिलकर लड़ेंगे और पंजाब में आरोप-प्रत्यारोप करेंगे। पूरे इंडी गठबंधन का यही हाल है। इनका देश से कोई लेना-देना नहीं है। उक्त बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं।

## अग्निबाण रॉकेट की लॉन्चिंग सफल

### चेन्नई की कंपनी ने रच दिया इतिहास; जानें इसकी खासियत



**श्रीहरिकोटा**
**चेन्नई** स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने गुरुवार को श्रीहरिकोटा में अपने स्वयं के लॉन्च पैड से रॉकेट अग्निबाण का सफलता पूर्वक परीक्षण किया। चार असफल प्रयासों के बाद गुरुवार को परीक्षण-उड़ान बिना किसी लाइव-स्ट्रीमिंग के और इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के अंदर स्थित श्रीहरिकोटा लॉन्च पैड पर सफलता पूर्वक लॉन्च किया गया। इसरो ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी दी है।


मिली जानकारी के मुताबिक, 22 मार्च के बाद से अग्निकुल की तरफ से अग्निबाण सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर लॉन्च करने की ये पांचवीं कोशिश थी। लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट ने इस सफल परीक्षण के लिए पूरी टीम को बधाई भी दी है। उन्होंने कहा, "यह भारत के संपन्न निजी अंतरिक्ष इंडस्ट्री के लिए एक गर्व का पल है और भविष्य में हमारे लिए क्या मायने रखता है,इसकी एक झलक है। इसके पीछे की पूरी टीम को हमारी हार्दिक बधाई और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं।"

## जम्मू: यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 21 की मौत

**जम्मू**
**जम्मू-पूंछ** राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के टूंगी मोड़ क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 21 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब 40 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इनमें 21 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश नंबर की यह बस जम्मू से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा सिथ्त माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के टूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी।

## बस एक क्लिक में दिखेगा स्वास्थ्य रिकॉर्ड....

### राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के लिए 'यूविन' में बदला जा रहा 'कोविन'




**नई दिल्ली**
**केंद्रीय** स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 से लड़ाई में मददगार रहे 'कोविन' पोर्टल को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के लिए 'यूविन' में तब्दील किया जा रहा है। यह हर वर्ष तीन करोड़ नवजात एवं उनकी माताओं के टीकाकरण रिकार्ड लिंक करने एवं उन्हें उपलब्ध कराने में मदद करेगा। इसके बाद इस पर आंगनवाड़ी और स्कूल स्वास्थ्य रिकार्ड भी उपलब्ध कराए जाएंगे। जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन की 77वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के पूर्ण अधिवेशन से इतर बोलते हुए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख चंद्रा ने डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की प्रगति को रेखांकित किया। भारत ने डिजिटल स्वास्थ्य पर एक अतिरिक्त कार्यक्रम की मेजबानी की थी, जिसमें क्वाड देशों (आस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका) समेत सौ से ज्यादा देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत भारत के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसके तहत 61.8 करोड़ से अधिक विशिष्ट स्वास्थ्य आइडी (आभा आइडी) तैयार की गई हैं, 2.68 लाख स्वास्थ्य केंद्र पंजीकृत हुए हैं और 3.5 लाख स्वास्थ्य पेशेवरों को सूचीबद्ध किया गया है, एबीडीएम डिजिटल स्वास्थ्य सेवा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

**पीएम-जय और ई-संजीवनी के बारे में कही ये बात**

चंद्रा ने कहा एबीडीएम के हिस्से के रूप में सरकार डिजिटल सार्वजनिक ढांचे पर निर्मित सार्वजनिक-निजी भागीदारी का लाभ उठाकर बीमा भुगतान के इकोसिस्टम को बदलने के लिए नेशनल हेल्थ क्लेम एक्सचेंज (एनएचसीएक्स) शुरू कर रही है। यह दावों के स्वतः निर्णय के साथ वास्तविक समय में निपटान के युग की शुरूआत करेगा। इस दौरान उन्होंने पीएम-जय और ई-संजीवनी को भी रेखांकित किया।


**रिकांबिनेंट डेंगू वैक्सीन के तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल होंगे शुरू**

विश्व स्वास्थ्य सभा से इतर ब्रिक्स के स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए अपूर्व चंद्रा ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआइवी) और अन्य अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर पुनःसंयोजक (रिकांबिनेंट) डेंगू वैक्सीन के तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने के लिए तैयार है।

# पिंटू बनवासी की मौत पर परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत अनुवां बनवासी बस्ती निवासी फूलचंद्र बनवासी के दो पुत्रों में छोटा पुत्र पिंटू बनवासी उम्र 27 वर्ष बुधवार शाम को बाइक से किसी कार्य से जंघई बाजार जा रहा था जैसे ही चंपापुर पेट्रोल पंप के आगे बढ़ा तो अचानक दो नये ऊंचे-ऊंचे ब्रेकर बने दिखे तो पिंटू ने बचने के लिए अचानक बाइक में ब्रेक लगा दिया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी और पिंटू गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगा उसके सिर, हांथ, नाक एवं पैर में गंभीर चोटें आई थी।सूचना पर चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य अपने स्टाफ के साथ पहुंचे और गंभीर रूप से घायल पिंटू बनवासी को 108 नंबर सरकारी एंबुलेंस से प्रतापपुर सीएचसी इलाज हेतु भेजा लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण डाक्टरों ने पिंटू को इलाज हेतु स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। पिंटू को लेकर परिजन झूंसी पहुंचे ही थे कि उसकी सांसें थम गई परिजन रात में ही पिंटू के शव को लेकर अनुवां अपने घर पहुंचे। सुबह होते ही पिंटू के परिजन एवं गांव के लोग बड़ी संख्या में जंघई हंडिया रोड पर अनुवां बनवासी बस्ती के सामने शव के साथ चक्काजाम कर दिया। परिजन एसडीएम हंडिया को बुलाने की मांग करने लगे सूचना पर एसएचओ सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह एवं चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य अपने अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया कि आप लोगों की मांग पूरी की जाएगी रास्ते को आवागमन हेतु खाली कर दें।विदित हो कि इस समय जंघई वारी सड़क पर डामरीकरण किया जा रहा है सड़क पुनः जंघई की तरफ से बन रही है बुधवार को लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने अनाधिकृत रूप से एसएसडी कान्वेंट स्कूल चंपापुर के सामने दो नये ऊंचे-ऊंचे ब्रेकर बनवा दिए जिस पर गिरकर आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं और पिंटू की मृत्यु हो गई।इस मार्ग पर इस तरह के ब्रेकर का प्रावधान नहीं है ब्रेकर बनने की जानकारी भी लोगों को नहीं थी और कभी ब्रेकर बना भी नहीं था, आवागमन करने वाले बेधड़क होकर सामान्य दिनों की तरह यात्रा कर रहे थे और अचानक बने इस ब्रेकर के कारण यह घटना घटित हो गई। इसलिए परिजनों की मांग थी कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और ठेकेदार आयें और मुआवजा दें।एसएचओ सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों को समझा बुझाकर आवागमन हेतु रास्ता खाली कराया गया और शव को सरायममरेज थाने लाकर परिजनों के प्रार्थना पत्र पर इत्फाकिया दर्ज कर लिया गया है, और पिंटू के परिजनों को दैवीय आपदा राहत कोष से प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से अधिकतम मदद दिलवाया जाएगा पिंटू को दो छोटे छोटे बेटे और दो बेटियां हैं पत्नी सहित सभी परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। पिंटू के शव का पंचनामा भरकर सरायममरेज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु प्रयागराज भेज दिया।



## कपड़ा व्यवसाई का बंद कमरे में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**करछना** प्रयागराज थाना क्षेत्र के घटवा मार्केट में गुरुवार को एक कपड़ा व्यवसाई का कमरें के अंदर मृत अवस्था में शव पाया गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के अनुसार गिरिजा शंकर सिंह पुत्र काशी प्रसाद निवासी ग्राम सोनाई थाना करछना प्रयागराज का निवासी ने करछना पुलिस को सूचना दी कि घटवा चौराहे पर मेरा मकान है जिसमें किरायेदार शिव कुमार गुप्ता पुत्र पीतांबर गुप्ता निवासी ग्राम सराय अकिल थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी के रहने वाले हैं जो पिछले 10 साल से मेरे मकान में रहते हैं व कपड़े की दुकान चलाते हैं। बताया कि गुरुवार को सुबह हम लोगों ने अपने मकान में काफी देर तक शिव कुमार गुप्ता का दरवाजा नहीं खुला तो हम लोगों ने दरवाजा खटखटाया तो अन्दर से कोई आवाज नहीं आई हम लोगों ने शटर उठा कर देखा तो अपने बेड पर मुंह के बल गिरे पड़े थे जो मृत अवस्था में थे कि सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मौसम की तपिश ने बिगड़ा विद्युत विभाग का शीड्युल

## ट्रांसफार्मर गर्म होने तथा जलने की आशंका से की जा रही बिजली कटौती लोग गर्मी से हैं बेहाल

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** इन दिनों आग उगलते मौसम की तपिश का असर बिजली आपूर्ति पर सीधे पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति का शेड्यूल पूरी तरह से लड़खड़ा गया है। लगातार हो रही ट्रिपिंग और देर तक बिजली कटौती जारी है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उल्लेखनीय है कि इस समय तापमान 50 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है जिसके कारण आसमान से आग बरस रही है। ऐसे में भीषण उमस एवं दमघोंटू गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर भी गर्म हो जा रहे हैं और बार बार ट्रिपिंग हो रही है। दिन तो दिन है रात में भी बिजली कटौती हो रही है। जिसके वजह से आमजनमानस बिजली के अभाव में बेहाल हो जा रहे हैं। गौरतलब है कि विगत एक सप्ताह से जैसे-जैसे तापमान में वृद्धि हो रही है, उसी अनुरूप बिजली आपूर्ति की कटौती बढ़ी है। बिजली कटने के बाद काफी देर में आ रही है। यहां तक रात में भी बिजली कटौती लम्बे समय तक की जा रही है। लोगों की रात की नींद हराम हो रही है। बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी - कर्मचारी भीषण गर्मी की वजह से उपकरणों में खराबी का हवाला देकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं। जबकि क्षेत्र में लोगों का इस भीषण गर्मी में हाल बेहाल है हो गया है।

# पंखा बनाते विधुत करंट की चपेट में आया युवक, मौत



**फूलपुर।** सीलिंग फैन में आई खराबी को चेक करते समय विधुत करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। अविवाहित युवक की मौत से जहां घर में कोहराम मच गया वही घटना की सूचना पर भौंचक हुए ग्रामीण मृतक युवक के घर की तरफ भागे। फूलपुर थाना क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत भरौटी (हैबतपुर) गांव निवासी शीला यादव के दो पुत्रों में बड़ा बेटा ऋषभ यादव उर्फ अंकुर यादव 24 बुधवार की शाम छत के पंखे को खोलकर उसमें आई खराबी को चेक कर रहा था। अभी वह पंखे में आई खराबी को चेक ही कर रहा था की अचानक विधुत करंट की चपेट में आ गया जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना से मां शीला यादव का जहां रो रोकर बुरा हाल है वहीं छोटा भाई अंकित यादव बड़े भाई के जाने से गमजदा है। परिजनों ने बताया की मृतक के पिता विनोद यादव का लगभग चार वर्ष पूर्व ही बीमारी के कारण निधन हो गया था। मृतक ऋषभ यादव ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली थी। मृतक का दाह-संस्कार कर वापस लौटे ग्रामीणों ने बताया की मृतक ऋषभ एक मिलनसार व अच्छी प्रवृत्ति का लड़का था। घटना से गांव में मातम छाया हुआ है।

## चारागाह की भूमि पर नंगा बिजली का तार घेरने से करंट से गाय की मौत, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के एक गांव के दबंग ने चारागाह की भूमि पर बिजली का नंगा तार लगा कर करंट दौडा दिया। आरोप है कि वहीँ चर रही महिला की गाय को करंट लग जाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर गडवा दिया।तथा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासनीय भवानी देवी पत्नी राजू की गाय चारागाह की भूमि पर चर रही थी। आरोप है कि ग्राम सराय सुलतान उर्फ पूरे मखदूम निवासी एक व्यक्ति दबंगई से चारागाह एंव ईदगाह की भूमि पर केला की खेती किए हुए हैं तथा चारों तरफ बिजली का नंगा तार लगाए हुए है।जिसमें करंट दौडा रखा है। बताया गया है कि बुधवार को शाम के समय भवानी देवी की गाय नंगे तार की चपेट में आ गयी। जिससे उसकी मौत हो गई।देर रात पुलिस ने जेसीबी की मदद से गढ्डा खुदवाकर गडवा दिया तथा भवानी देवी की तहरीर पर सराय सुलतान उर्फ पूरे मखदूम निवासी करम शेर खान पुत्र स्वर्गीय सिराजुल इस्लाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।बताते हैं कि आरोपी फरार हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके पूर्व उक्त नंगे करंट प्रवाहित हो रहे तार की चपेट में आने से एक नीयगाय विगत दिनों मर गई। जबकि खेल रहे तीन मासूम बच्चों को मामूली करंट लग गया था। विधुत विभाग के अवर अभियंता धीरेन्द्र कुमार बताया कि कटियामारी करके करंट दौड़ाने वाले तार को काट कर वह उठा ले गए हैं वह भी विधुत विभाग की ओर से मुकदमा दर्ज करा रहे हैं।

## किशोरी का अपहरण व बंधक बनाकर दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक किशोरी को 20मई को गांव का युवक अपहरण कर ले गया। आरोप है कि उसे अयोध्या से दूर एक कमरे में रख कर बंधक बना कर दुराचार किया।किशोरी किसी तरह भाग कर 24 मई को घर आयी।लोकलाज के भय से थाने 27 मई को पीड़िता को लेकर उसकी मां थाने ले गयी।मां की तहरीर पर गांव मऊदोस्तपुर के महेंद्र कुमार उर्फ नितिन बिंद पुत्र दिनेश कुमार बिंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। मेडिकल चेकअप और न्यायलय के बयान के बाद पुलिस ने दुराचार और पास्को एक्ट के तहत धारा बढा कर महेंद्र कुमार उर्फ नितिन बिंद को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया।

# प्रसव पीड़िता महिला की मौत मामले में स्वास्थ्य विभाग पर लोगों ने लगाया साठ गांठ का आरोप

## बीते चार दिन पूर्व रामनगर स्थित मां शीतला अस्पताल के संचालक की लापरवाही से हुई महिला की मौत, जिले के सीएमओ से लोगों किया अस्पताल सीज करने मांग

**मेजा।** बीते चार दिन पूर्व प्रसव के दौरान हुई कथित महिला की मौत मामले में स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों द्वारा अस्पताल संचालक के विरूद्ध कार्यवाही न होने से जहां प्राइवेट अस्पताल संचालकों के हौशाले बुलंद हैं वहीं स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश के साथ साथ विभाग पर साठ गांठ करने का आरोप लगाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के रामनगर बाजार स्थित मां शीतला अस्पताल के संचालक धीरज श्रीवास्तव द्वारा बिना किसी योग्य सर्जन के प्रसव पीड़ित एक महिला का गलत एवं लापरवाही पूर्वक किए गए आपरेशन व दवा इलाज से महिला की मौत हो गई थी जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ करते हुए काफी हंगामा एवं बवाल काटा था। मामला अखबारों की सुर्खियों रहा इसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आज तक न तो अस्पताल शीज किया गया और न ही उसके संचालक विरूद्ध ही कोई कार्यवाही की गई। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर लोगों का साठ गांठ करने का आरोप लगाना जहां लाजमी है वहीं उनका आक्रोश भी जायज है क्योंकि इसके पूर्व भी इसी बाजार में ठीक इसी प्रकार की घटना पर स्वास्थ्य विभाग कड़ा एक्शन लेते हुए अस्पताल को सीज कर दिया था। फिर इस अस्पताल को आज तक सीज क्यों नहीं किया गया। सीएमओ साहब आखिर मां शीतला अस्पताल के संचालक पर आपके अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी इतने मेहरबान क्यों हैं। क्या अस्पताल के संचालक द्वारा विभाग को मोटी रकम प्राप्त हो गई है। आम जनता इस सवाल का जवाब जानना चाहती है। जबकि महिला की मौत के मामले में अस्पताल संचालक की लापरवाही साफ तौर पर सामने आ चुकी है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों द्वारा उक्त मामले में कोई ठोस कदम न उठाए जाने से जहां विभाग के प्रति आम जनमानस का विश्वास टूट रहा है वहीं विभाग पर साठ गांठ करने का आरोप लगाते हुए लोगों में भारी आक्रोश भी कायम है।




## छात्रा की हत्या कर लाश को टुकड़ों में काटकर फेंकने का आरोपी बरी, चचेरे भाई पर है हत्या का आरोप

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रतियोगी छात्रा की हत्या कर उसकी लाश को टुकड़ों में काटकर फेंकने के आरोपी फतेहपुर के मोहम्मद इरफान उर्फ गुड्डू को बरी कर दिया है। अभियुक्त को ट्रायल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की। हाईकोर्ट ने कहा की अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य में कई खामियां हैं जिससे अभियुक्त संदेह का लाभ पाने का हकदार है।न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने यह आदेश दिया। मामले में छात्रा के पिता कमरुलहुदा ने 8 सितंबर 2011 को फतेहपुर कोतवाली थाने में 28 वर्षीय बेटी फरहत फातिमा को अगवा करने के आरोप में चचेरे भाई इरफान उर्फ गुड्डू पर शक जताते हुए केस दर्ज कराया। बताया कि बेटी पीसीएस परीक्षा की तैयारी कर रही थी। 28 अगस्त 2011 को घर से दवा लेने के लिए बाजार गई थी। इसके बाद वापस नहीं आई। पुलिस ने शिकायत पर इरफान को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने फरहत की हत्या कर दी है तथा उसकी लाश को कई टुकड़ों में काटकर तालाब में फेंक दिया है।

### हजारों का खेल का वारा- न्यारा किसके जेब में जायेगा पैसा

**लालापुर।** क्षेत्र के चाकसूचेर गाँव के पहाड़ में बना गौवंश की सैकड़ो ट्राली खाद को बेचा जा रहा है जब इस बारे में प्रधान पति विमलेश पाण्डेय से पूछा गया तो उनका कहना है की गोबर होने की वजह से पशुओ को बहुत दिक्कत हो रही इसलिए बेचा जा रहा है उधर शंकरगढ़ ब्लॉक चाकसूचेर सिगरेटरी गौरी शंकर से जब इस बारे में पूछा गया तो उनका कहना है बिना किसी के आदेश के नहीं बेचा जा सकता है अगर आएसा हुआ है तो उसका पैसा जमा होगा और ओ गौवश के लिए खर्च किया जायेगा।

# गर्मी में गोवंश बेहाल, चाकसूचेर गोशाला में नहीं है इंतजाम

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं की वजह से गोशाला में सुरक्षित किए गए गोवंश बेहाल हैं। इनको गर्मी से बचाने के लिए इंतजाम नाकाफी नजर आ रहे हैं। चाकसूचेर गोशाला में पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। छाया के लिए वृक्ष नहीं हैं। टिनशेड के अंदर बैठे हुए गोवंश बढ़ते तापमान में गर्मी से व्याकुल हैं। लालापुर क्षेत्र के चाकसूचेर में स्थाई गोशाला का संचालन किया जा रहा है। इनमें वर्तमान में लगभग दो सौ गोवंश हैं। चाकसूचेर गोशाला में क्षमता से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। इस कारण इनकी देखरेख और चारे पानी का इंतजाम करने में दिक्कतें आ रही हैं। गोशाला में पशुओं के लिए पीने के पानी और छाया का इंतजाम सबसे बड़ी चुनौती है। इन दिनों तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। छाया, ठंडी हवा, पानी और हरे चारे की व्यवस्था न होने के कारण पशु बीमार पड़ रहे हैं। चाकसूचेर में स्थित गोशाला, खराब है। जिसके चलते आए दिन गोवंश रोगों का शिकार हो रहे हैं। विडिओ राम विशाल राय का कहना है कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए चारो तरफ पन्नी डाला गया है जो आधी से उड़ गए है व हरे चारे की कमी के चलते समस्या आ रही है।



बृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे चाकसूचेर गाँव अंतर्गत मदुरी पहाड़ में स्थित गोशाला में पड़ताल की। यहां 135 लगभग गोवंश संरक्षित हैं, उनके लिए पानी के इंतजाम तो किए गए हैं, लेकिन कोई भी वृक्ष नहीं है। जब तापमान बढ़ जाता है तो गोवंशों को परेशानी होती है। पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था भी नहीं है। सूखा भूसा खिलाया जा रहा है। जिसे कुछ गोवंश खा भी नहीं रहे थे। कई गोवंश काफी कमजोर दिखाई दे रहे थे। शंकरगढ़ ब्लॉक के चाकसूचेर में मदुरी पहाड़ के पास स्थित गोशाला में यहां गोवंश के लिए हरे चारे तक की व्यवस्था नहीं है। गोशाला के अंदर ही नहीं बाहर भी गोवंश घूमते हुए दिखाई दिए। इनके लिए टिन शेड लगे हुए हैं। लेकिन धूप के बढ़ने के साथ ही वह बुरी तरह से गर्म होकर तपने लगते हैं। जिसके कारण गोवंश वहां बैठ नहीं पाते। गोशाला के अंदर पानी भरने के लिए हौदी व छोटा तालाब बनाया गया है, मगर वो सूखा पड़ा है। यहां पर कई गोवंश बीमार दिखाई दे रहे थे। हरे चारे की समस्या है, वह भी सालों से खत्म हो जाएगी।

**संरक्षित कुल गोवंश- 135(लगभग )**

**बाहर घूम रहे गोवंश- 100 (लगभग)।**

### शंकरगढ़ में ठगों ने महिला से ठगे 32 हजार रुपए

**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के मोटीयांन टोला में कॉस्मेटिक सामान बेचने के मामले में ठगों ने महिला से 32000/ ठग लिए। पीड़िता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाना क्षेत्र की निशा साहू निवासिनी पुलिस को सूचना दिया कि पिछले 28 मई को अपराह्न लगभग दो बजे मेरी दुकान पर दो लोग आए और कॉस्मेटिक का सामान दिखाते हुए कहा कि प्रत्येक सामान तीस रुपए का है। उनकी बातों में आकर मैंने उनसे सामान लिया और ?32000 उन्हें भुगतान कर दिया। उन्होंने बताया कि सामान के बंडलों में 1284 पीस समान है। उनके जाने के बाद जब बंडल को खोला तो उसमे कुल 258 पीस ही सामान निकला। यह देख मैं अवाक रह गई। उन लोगों को फोन से बताया कि उसमे कुल 258 पीस ही सामान निकला है। तब उन्होंने कहा कि एक घंटे में आ रहा हूं। उसके बाद वे लोग आज तक नही आए। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश ने ठगों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही महिलाओं से ठगी करने वालों से सावधान रहने के लिए कहा।

# लोकल फाल्ट, व लो-वोल्टेज से परेशान उपभोक्ता हो रहे बेहाल

**झूंसी।** भीसड़ गर्मी में अघोषित बिजली कटौती के साथ लोकल फाल्ट व लो वोल्टेज से उपभोगता जूझ रहे है। बार-बार बिजली कटने से जहां बिजली से चलने वाले उपकरण खराब हो रहे हैं। गर्मी से बेहाल लोगों का दिन तो किसी तरह कट जाता है लेकिन रात की कटौती लोगों को रूला दे रही है।

झूंसी की वीआईपी कालोनियों में शुमार आवास विकास कॉलोनी योजना दो में दो दिनों से रात में विधुत व्यवस्था बेपटरी हो जा रही है। बुधवार की भी रात में बिजली गुल हो गई तो दर्जनों लोग पावर हाउस पहुच गए। कुछ देर बाद फाल्ट ठीक किया गया तो बिजली आपूर्ति बहाल हो गई लेकिन लक्ष्मी बाई पार्क के आसपास के घरों में लाइट नही आई। जिसकी वजह से सब से ज्यादा समस्या महिलाओं, बच्चो को हुई। लोग एसडीओ को फोन लगाते रहे गए पर फोन नही उठा। वही देवनगर के कुछ मोहल्ले में लो बोल्टेज से उपभोक्ता बेहद परेशान है राज सिंह ने बताया कि लो वोल्टेज की वजह से एसी, पंखा, कूलर तो छोड़ेंगे पानी की मोटर नहीं चल पा रही है जिससे लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

## तीसरे दिन भी सूखी रही नल की टोटियां, रात तक पानी आने की उम्मीद

**झूंसी।** हवेलियां गंगादीप में जल निगम की मोटर तीसरे दिन भी नही बन पाई। जिसकी वजह से लोगो के नलों की टोटियां सूखी रही। पीने के लिए लोगो को पानी खरीदना पड़ रहा है तो वही अन्य काम के लिए पड़ोसियों का समर्सिबल सहारा बना है। जेई उपेंद्र कुमार ने रात तक सप्लाई बहाल होने की बात कही।

गंगादीप में लगी जलनिगम की मोटर तीसरे दिन गुरुवार शाम तक नही बन पाई थी। मरम्मत का कार्य चल रहा था। रात तक पानी आने की उम्मीद जताई जा रही है। तीन दिनों से आधा दर्जन मोहल्लों में पानी न आने से भीसड़ गर्मी में लोग पानी के लिए व्याकुल है। विनय सिंह ने बताया कि जल निगम द्वारा बनाया गया वोवर डेड टैंक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। बनने के बाद आज तक भरा ही नही गया। टीयूबेल से ही सीधे सप्लाई होती है जगह जगह लीकेज की वजह से आधा अधूरा पानी ही मिल पाता है। अब तीन दिनों से वह भी नही नसीब हो रहा है।

## पूनम शांति बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर शुकुलपुर में ठेकेदारों का हुआ सम्मान



**धनूपुर।** जेके लक्ष्मी सीमेंट द्वारा पूनम शांति बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर शुकुलपुर में बुधवार को ठेकेदारों के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कंपनी के तकनीकी अधिकारियों द्वारा सीमेंट की गुणवत्ता एवं प्रयोग विधि हेतु विस्तृत विवरण देकर ठेकेदारों को उपहार से सम्मानित किया। इसके अलावा जेके लक्ष्मी सीमेंट से बने हुए भवनों की मजबूती के बारे में विस्तारपूर्वक कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस अवसर पर ऋतिक तिवारी, देवेन्द्र कुमार शुक्ल, शिवम तिवारी, सत्येंद्र श्रीवास्तव, शिवम शुक्ल, आकाश तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सिपाही के घर से लाखों के गहने चोरी हफ्ते भर बाद दर्ज हुआ मामला

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** सिपाही के घर में हुई चोरी के हप्ते भर बाद आखिरकार झूंसी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र स्थित एक सिपाही के सुनने मकान का ताला तोड़ चोरों ने लाखो के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया था। चोरो की तस्वीर सीसी टीवी के कैद हो गई है।

पुलिस मुख्यालय लखनऊ में तैनात कांस्टेबल अंकुर शुक्ला का आवास विकास कालोनी योजना 2 झूंसी में मकान है। अंकुर परिवार के साथ लखनऊ में रहते है। यहाँ उनकी मां व ऊपरी मंजिल पर किराएदार रहते है। बीते 22 मई को घर पर कोई नहीं था मा लखनऊ चली गई थी किराएदार भी नहीं थे सूने मकान को देखकर चोरों ने ताला तोड़ घर के अंदर दाखिल हुए और अलमारी में रखें दो से तीन लाख के जेवरात चुरा ले गए। पूरा मामला घर मे लगे सीसी टीवी में कैद हुआ है। दो चोर स्कूटी पर आए थे और रात 2 बजे के बाद घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

## खराब खाना का विरोध करने पर ग्राहक को पीटा

**झूंसी।** ढाबे पर खाना खाने गए एक युवक को खाने में खराब खाना मिलने का विरोध करना भारी पड़ गया ढाबा संचालक ने अपने वर्करों के साथ मिलकर युवक की जमकर पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पहुचे युवक के परिजनों को भी नही छोड़ा। पीड़ित की लिखित शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कुछ लोगो का शान्तिभंग में चालान किया। मलावां बुजुर्ग में गुरुवार की सुबह ढाबा पर खाना खाने गए मो. नौशी को खाने में खराब खाना दिया गया। जिसका मो. नौशी ने विरोध किया तो ढाबा संचालक ने उसपर तंज कसा बात बढ़ने पर ढाबा संचालक ने अपने साथियों के साथ लाठी, डंडे व राड से युवक पिटाई कर दी बीच बचाव करने आने पीड़ित के चाचा अशफाक व भाई हारिश को भी मारा गया। पुलिस ने बलवा सहित कई अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर ढाबा मालिक चंदा उर्फ गुलाम मुस्तफा व उसके बेटे का शान्ति भंग में चालान किया।

# नैनी में सूर्य देवता के ताप से गर्म होने लगे हैं ट्रांसफार्मर बचाने के लिए लगाए गए कूलर

**भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप का कहर : तापमान 48 के पार मरम्मत कार्य में जुटे रहे कर्मचारियों की फौज**







**नैनी।** नैनी इस बार भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप का कहर बरकरार है। सूर्य देवता के बढ़ते ताप से धरती पर स्थापित ट्रांसफार्मर अत्यधिक गर्म (हीट) होने से जवाब देने लगे हैं। ट्रांसफॉर्मर ठंडा करने के लिए लगाया गाय कूलर भीषण गर्मी में 45 से 48 डिग्री के बीच तापमान में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बढ़ते तापमान और बिजली की मांग की वजह से बढ़ रहे लोड से ट्रांसफॉर्मर जवाब न दे जाए इसके लिए कूलर से उसे ठंडा किया जा रहा है। यह नजारा गुरुवार को नैनी टीएसएल पॉवर हाउस में दिखा। यहां ट्रांसफार्मर का तापमान बराबर और ओवरलोड से बचाने के लिए कूलर लगाया गया है।

## अरैल क्षेत्र में ओआरएस का पैकेट समाजसेवियों ने बटवाया

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में ओआरएस का पैकेट समाजसेवियों ने बटवाया और गर्मी से बचाव के लिए बताया गया उपाय सामाजिक कार्यकर्ता संजय श्रीवास्तव सुशील शुक्ला के द्वारा शिवनगर में आने जाने वाले नागरिकों को ओआरएस का गोल देकर के गर्मी से बचाव का उपाय बताते हुए संजय श्रीवास्तव सुशील शुक्ला ने कहा इतनी भीषण गर्मी में प्रत्येक व्यक्ति आवश्यक ओआरएस पिए और पानी में ओआरएस का गोल मिलकर के पीने से लूऔर धूप का असर कम रहेगा ज्यादा से ज्यादा नागरिक इसका प्रयोग करें सहयोग करने वालों में वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, प्रदीप तिवारी, नीरज शर्मा, सुनील विश्वकर्मा, उमेश सेन, जानी यादव, बाबा शर्मा, चरण यादव। लोगों के सहयोग से शिवनगर में ओआरएस का गोल बांटा गया जिससे धूप एवं लू से नागरिकों को बचाया जा सके।

**नागरिकों को बताया गया इस भीषण गर्मी में जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें, :सुशील शुक्ला**

## मुस्लिम भाइयों ने रेलवे स्टेशन गेट नंबर 3 पर ठंडा पानी के साथ गुड़ व बिस्किट बाटे



**प्रयागराज।** गुरूवार को चिलचिलाती गर्मी में मुस्लिम भाइयों ने रेलवे स्टेशन गेट नंबर 3 पर बाहर से आए मुसाफिर व राहगीरों को ठंडा पानी गुड़ व बिस्किट देकर कुछ राहत पहुंचाने का कार्य किया। समाज के हित के लिए सागर वाटर आबिद अली मोहम्मद समीम बबलू नौशाद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सामाजिक कार्यकर्ता इरशाद उल्ला ने कहा समाज के हर वर्ग को अपने क्षेत्र में इस प्रचंड गर्मी में 48 49 के करीब चल रहा तापमान में मुसाफिरों व रागिरो और मजदूरों को पानी की बड़ी दिक्कतें हो रही है ऐसे में तमाम लोग अपने घरों के बाहर प्याऊ लगाकर पुण्य का कार्य करने के लिए आगे आए मुसाफिरों की थोड़ी गर्मी कम करने की कोशिश की गई सारे काम सरकार के ऊपर नहीं छोड़े जाते कुछ काम हमारा भी है हम सबको भी करना चाहिए यही संदेश प्रयागराज की जनता को सागर वाटर और उनकी टीम देना चाहती है।

**इरशाद उल्ला सामाजिक कार्यकर्ता।**

# डाक विभाग के स्पेशल कवर पर दिखेगा बाओबाब वृक्ष

## प्रयागराज के प्रधान डाकघर में जारी हुआ इस ऐतिहासिक वृक्ष पर स्पेशल कवर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के झूंसी में गंगा नदी तट पर शेख तकी की मजार के पास स्थित ऐतिहासिक बाओबाब दुर्लभ वृक्ष डाक विभाग के स्पेशल कवर पर भी दिखेगा। इसकी आयु 750 से 1350 वर्ष के बीच मानी जाती है और इसके साथ तमाम किवदंतियां और लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। इस वृक्ष पर आधारित स्पेशल डाक कवर आज गुरुवार को प्रधान डाकघर में जारी किया गया। अपनी विरासत को समृद्ध करने एवं पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन देने के क्रम में वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने इसका विमोचन किया।उन्होंने कहा कि प्रयागराज और यहां का संगम तट सदियों से अपने अंदर तमाम पौराणिक, ऐतिहासिक और समृद्ध विरासतों को सहेजे हुए है। अफ्रीका के एडानसोनिया डिजिटाटा प्रजाति का ह्यबाओबाब वृक्षह्ल भी उनमें से एक है। ऐसे में इस पर विशेष डाक आवरण और विरूपण के माध्यम से इसकी ऐतिहासिकता, वैज्ञानिकता और औषधीय गुणों के बारे में देश-दुनिया में प्रसार होगा और इसे शोध और पर्यटन से भी जोड़ने में सुविधा होगी।



**17.3 मीटर है तने की मोटाई :** पोस्टमास्टर जनरल केके यादव ने कहा कि झूंसी में गंगा के बाएं किनारे पर मिट्टी के एक विशाल टीले पर स्थित इस प्राचीन व विशाल वृक्ष को लेकर सदियों से कौतुहल रहा है। झूंसी क्षेत्र का अतीत पुरातात्विक साक्ष्यों द्वारा प्रलेखित है जो ताम्रपाषाण काल ??से लेकर प्रारंभिक मध्ययुगीन काल तक के पांच सांस्कृतिक चरणों से मेल खाता है। निदेशक, डाक सेवाएं गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि ह्यबाओबाब' वृक्ष के तने की मोटाई 17.3 मीटर है और इस वृक्ष का फूल बड़ा तथा फल लंबा और हरे रंग का होता है। ऐसी मान्यता है कि 15वीं शताब्दी में करांची से आए बाबा शेख तकी शाह यहां रहते थे। इस वृक्ष की छाल को पानी में भिगोकर पीने से पेट का दर्द, सीने की जलन कम होती है, साथ ही यूरिन इन्फेक्शन में भी छाल को लाभकारी माना जाता है।

**25 रुपये में मिलेगा यह स्पेशल कवर:** प्रवर अधीक्षक डाकघर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि बाओबाब वृक्ष पर जारी विशेष आवरण 25 रुपये में फिलेटलिक ब्यूरो, प्रयागराज प्रधान डाकघर में उपलब्ध होगा। इस मौके पर सीनियर पोस्टमास्टर तनवीर अहमद, सहायक निदेशक मासूम रजा रश्दी, राजेश श्रीवास्तव, उपाधीक्षक प्रमिला यादव समेत अन्य रहे।

# प्रॉपर्टी डीलर के हत्यारोपी घर की गई कुर्की की कार्रवाई





**झूंसी।** प्रॉपर्टी डीलर नैका झूंसी निवासी सत्यपाल की हत्या के बाद से फरार शिव कुमार उर्फ ननका की गिरफ्तारी को लेकर हो रही देरी से पुलिस की एक ओर जहां किरकिरी हो रही है। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को झूंसी पुलिस ने फरार आरोपी के घर कुर्की की कर्यवाही की। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोर्ट द्वारा हत्याकांड के फरार ननका विरुद्ध कुर्की का वारंट जारी किया गया था। एसएसआई, चौकी इंचार्ज छतनाग कपिल कुमार चहल पुलिस बल के साथ आरोपी के घर पहुचे बंद मकान का ताला तोड़ घर में रखे दो बड़े बॉक्स, पलंग, सिलेंडर चूल्हा, कुर्सी, अनाज, बर्तन बिस्तर आदि जप्त कर लिया। 14 अक्टूबर 2023 सुबह तर्पण के लिए जाते वक्त सत्यपाल की हत्या कर दी गई थी। लोगो ने ननका को गोली मार भागते हुए देखा था। पुलिस ने ननका के खिलाफ केस दर्ज किया था लेकिन वह पकड़ा नहीं गया। ननका के माता-पिता की मौत हो चुकी है बड़ा भाई रेप केस में जेल में बंद है।

# हाईवे के ओवरब्रिज पर टूरिस्ट बस और डीसीएम में जोरदार भिड़ंत, एक की मौत, 25 यात्री घायल

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के तिलकपुर ऊपरदहा गांव के पास नेशनल हाईवे ओवरब्रिज पर डीसीएम व टूरिस्ट बस की आमने-सामने भिड़ंत में टूरिस्ट पर सवार एक की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपरदहां में भर्ती कराया. डॉक्टरों ने घायलों की हालत नाजुक देख उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।राजस्थान के नागौर जिले से टूरिस्ट बस पर कुल 55 लोग सवार होकर मेहंदीपुर बालाजी, मथुरा, वृंदावन, वैष्णो धाम, गोकुल परिक्रमा सहित आदि तीर्थ स्थलों के लिए निकले थे। सभी विभिन्न जगहों पर घूम कर वापस अपने जिला नागौर जा रहे थे। बुधवार को भोर में तीन बजे टूरिस्ट बस जैसे ही उपरदहां के तिलकपुर गांव के करीब नेशनल हाईवे ओवर ब्रिज पर पहुंची थी कि सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम से टक्कर हो गई। हादसा इतना तेज था कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। जहां घटना के बाद वहां अफरा- तफरी मच गई। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस व 108 एम्बुलेंस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपरदहां में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने एक घायल को मृत घोषित कर दिया,




जबकि अन्य की हालात गंभीर देख उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर कर दिया। जिस युवक की मौत हुई है उसकी पहचान गुड्डु महतो (40) पुत्र शंकर महतो निवासी पकड़ी स्माइल, पोस्ट लदौरा पकड़ी थाना सदर मुजफ्फरपुर बिहार के रूप में की गई। बस में राजस्थान के भी तमाम लोग सवार थे। जिसमें रतन कवर (60), बोडी देवी (45), पिंटू (26), पदमा (65), शांति देवी (45), गीता (60), केशव (45), ओमप्रकाश (30), गोपाल (49), भवानी सिंह (65), मंजू (45), निर्मला (55), मिट्ठू लाल (68), अमन सिंह (65), मिट्ठू कुमार (55), संतोष (68), सोरामराम (78) आदि घायल हैं।

## अस्पताल में भर्ती मरीज ने कुएं में लगाई छलांग, मौत

**प्रयागराज।** पश्चिमी रेलवे फाटक के पास एक अस्पताल में भर्ती युवक ने अचानक मनीलाल का इनारा में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने युवक को गंभीर हालत में सीएचसी कौड़िहार भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा थाना क्षेत्र के मनगढ़ गांव निवासी शुभम पटेल (18) पुत्र रमाकांत है। वह मानसिक रूप से बीमार चल रहा था और परिजन उसका उपचार प्रयागराज के एक जाने माने चिकित्सक के यहां करा रहे थे। कई दिनों से वह स्थानीय कस्बा के चैनी का पूरा स्थित अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था।

तभी उसकी तबियत खराब हो गई। रिश्तेदारों ने युवक को दुगार्गंज स्थित पश्चिमी रेलवे फाटक के पास के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया। युवक अस्पताल से अचानक निकला और पास के मनीलाल इनारा में छलांग लगा दी। युवक को कुआं में कूदता देख लोग बचाने दौड़ पड़े। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक को बाहर निकलवाया, और गंभीर हालत में सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सपा की बागी विधायक पूजा पाल समेत नौ पर केस दर्ज, कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाने में चायल विधायक पूजा पाल समेत नौ लोगों पर जमीन पर अवैध कब्जा, धमकी देने समेत अन्य आरोप में एफआईआर दर्ज हुई है। कोर्ट के आदेश पर यह केस दर्ज किया गया है। प्रॉपर्टी का काम करने वाले वादी उमेश सिंह का आरोप है कि उनकी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया। विरोध पर धमकी दी गई।उमेश गुलटेरिया अपार्टमेंट सिविल लाइंस के रहने वाले हैं। उनका आरोप है कि मौजा शाहा उर्फ पीपलगांव में स्थित आराजी संख्या -465 के वह मालिक हैं। उन्होंने सरकारी पैमाइश करवाकर पत्थर नसब करवाए थे। उनकी जमीन के पूरब-पश्चिम व उत्तर में चकमार्ग और दक्षिण में आराजी संख्या -466 है। आरोप है कि



राहुल पाल व उनकी बहन पूजा पाल निवासी उमरपुर नीवां ने बगल की भूमि खरीदकर श्रीकान्त पाल की देखरेख में अवैध प्लॉटिंग की। राहुल पाल आदि से बैनामा कराकर रीना पांडेय पत्नी अशोक कुमार पाण्डेय, ज्ञान सिंह, ने नसब पत्थर को उखाड़ कर जबरन उनकी आराजी में कब्जा कर निर्माण कराने की कोशिश की। इस पर उन्होंने समाधान दिवस व थाना धूमनगंज में शिकायत की।

**अधिकारियों से शिकायत के बाद नहीं हुई कार्रवाई**

आरोप है कि उपरोक्त व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न होने पर अन्य खरीदार यथांश केसरवानी, मोहित पाठक, ओमप्रकाश व बुद्धमती तिवारी पत्नी शिव विशाल तिवारी ने भी जबरन उसकी आराजी सहित चकमार्ग कब्जा कर निर्माण करना शुरू कर दिया। इसकी शिकायत पर उपजिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस व राजस्व कर्मियों ने निर्माण रुकवा दिया, लेकिन उपरोक्त लोगों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। वादी का आरोप है कि उपरोक्त लोगो ने अंश से अधिक जमीन का क्रय-विक्रय कर अवैध रूप से उसकी जमीन व चकमार्ग पर कब्जा किया है। इसी दौरान एयरपोर्ट थाने का गठन होने पर घटनास्थल का क्षेत्राधिकार थाना एयरपोर्ट को प्राप्त हो गया। उधर आरोपियों ने उसकी जमीन से जबरन रास्ता निकाला और बिजली का खंभा लगवाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग भी करने लगे। शिकायत थाना एयरपोर्ट व अफसरों से किए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर उसने कोर्ट में गुहार लगाई। आरोप यह भी है कि शिकायत से नाराज आरोपी मारपीट पर अमादा हैं और गंभीर परिणाम भुगतने की लगातार धमकी दे रहे हैं। एयरपोर्ट थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। इस मामले में विधायक पूजा पाल से भी उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई ,लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

## पराविधिक स्वयं सेवक के रूप में सेवा प्रदान करने हेतु प्रार्थना पत्र 8 जून तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं

**प्रयागराज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के मुख्यालय स्तर व तहसील विधिक सेवा समिति पर पराविधिक स्वयं सेवक के रूप में अपनी सेवा प्रदान करने हेतु पात्र/योग्य व्यक्ति अपना प्रार्थना पत्र 08 जून तक कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज को उपलब्ध करायें । सचिव/एडीजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा तैयार की गयी स्कीम के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के मुख्यालय स्तर व तहसील विधिक सेवा समिति पर पराविधिक स्वयं सेवकों का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि उल्लिखित पात्र/योग्यता वाले व्यक्ति अध्यापक, सरकारी प्रवक्ता, स्नातक एवं परास्नातक छात्र जो कि लॉ एजूकेशन सामाजिक शास्त्र, सामाजिक सेवा आदि, एन0जी0ओ0 कार्यकर्ता/सदस्य, महिला मैत्री संगम, वूमेन्स नेबरहुअर्ड ग्रुप्स, पंचायत राज्य के स्वयं सेवक, म्युसिपल इन्स्टीट्यूशन सामाजिक कार्यकर्ता, कोआपरेटिव सोसाइटी, ट्रेड यूनियन के सदस्य हो, पराविधिक स्वयं सेवक के रूप में अपनी सेवा प्रदान करना चाहते हों, वे अपना प्रार्थना पत्र 08.06.2024 तक कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

## किसी भी फर्म को अनिश्चितकाल के लिए ब्लैक लिस्ट नहीं कर सकते, कोर्ट ने डीएम के आदेश को किया रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि किसी फर्म को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश अनिश्चितकाल के लिए नहीं हो सकता है। कोर्ट ने जिला अधिकारी झांसी की ओर से याची की फर्म को बिना कोई वैधानिक कारण बताए ब्लैक लिस्ट करने के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही एक लाख रुपये याची को हजार्ना देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ रामराज कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर जोहर सिंह की दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।मामले में याची ने बुंदेलखंड पैकेज तृतीय चरण योजना के कार्य में टेंडर डाला था। बाद में निविदा प्रक्रिया में धांधली करने के आरोपों की जांच हुई और याची के फर्म को दोषी पाते हुए ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। बाद में अनिश्चितकाल के लिए ब्लैकलिस्ट करने का आदेश जारी कर दिया। इस दौरान याची को अपना पक्ष रखने का कोई अवसर नहीं दिया गया। कोर्ट ने इसे अधिकारियों की शक्ति का दुरुपयोग माना और फर्म को ब्लैक लिस्ट करने के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही कहा कि याचिकाकर्ता एक लाख रुपये हजार्ना पाने का हकदार है।

## झांसी पैसेंजर ट्रेन में मिला अज्ञात युवक का शव

**नैनी।** नैनी जंक्शन पर एक ट्रेन में एक युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर नैनी जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर शाम को झांसी से रेलवे स्टेशन नैनी झांसी पैसेंजर ट्रेन खड़ी हुई। तभी कुछ लोगों ने एक बोगी के शौचालय में एक युवक का शव मिलने से लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर नैनी जीआरपी चौकी प्रभारी वीरेंद्र प्रसाद सरोज दलबल के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में ले लिए। हालांकि जीआरपी ने बरामद शव की पहचान कराने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन पहचान न होने पर अज्ञात में पंचायत नामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

# यूपी बोर्ड में स्क्रूटनी के लिए आए 29,555 आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) में स्क्रूटनी के लिए 29,555 आवेदन आए हैं। आवेदन आने के बाद यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों में स्क्रूटनी की प्रक्रिया चल रही है। जून में इसे पूरी करने की तैयारी है। उसके बाद परिणाम जारी कर दिया जाएगा और फिर संशोधित अंक पत्र वितरित किया जाएगा।

यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटर का परिणाम 20 अप्रैल को जारी कर दिया था। इस बार बोर्ड ने परिणाम जारी करने में रिकॉर्ड बनाया था। बोर्ड ने 12-12 दिनों में परीक्षा और मूल्यांकन का काम कराया था। उसके बाद 19 दिन तक लगातार काम करते हुए परिणाम जारी कर दिया था। परिणाम जारी करने के साथ ही स्क्रूटनी के लिए ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर दिए लिंक के जरिये लिए गए। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 55,25,342 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। इसमें से हाईस्कूल की परीक्षा में 27,49,364 और इंटर में 24,52,830 विद्यार्थी शामिल हुए थे। परिणाम आने के बाद कई विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल होने के बावजूद अनुपस्थित करने, विषय बदलने, कम अंक मिलने आदि की शिकायतें कीं। इसके आवेदन 14 मई तक लिए गए थे। अब उन्हीं आवेदनों के आधार पर स्क्रूटनी चल रही है।

सबसे अधिक आवेदन क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज में : प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय में कुल 12,206 आवेदन आए हैं। इसमें हाईस्कूल के 2065 और इंटरमीडिएट के 10,141 हैं। इसके बाद वाराणसी में कुल 5,939 आवेदन आए हैं। इसमें से हाईस्कूल के 927 और इंटर के 5012 आवेदन हैं। मेरठ में कुल 5363 आवेदनों में से हाईस्कूल के 828 और इंटर के 4535 आवेदन हैं। गोरखपुर में आए 3451 आवेदनों में से हाईस्कूल के 468 और इंटर के 2983 आवेदन हैं। सबसे कम बरेली क्षेत्रीय कार्यालय में 2596 आवेदन आए हैं। उसमें से हाईस्कूल के 460 और इंटर के 2136 आवेदन हैं।

## चिकित्साधिकारी के 551 पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू 10 जून से

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) जून में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एलोपैथी के तहत चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 के 551 पदों पर भर्ती करने जा रहा है। वहीं, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास उत्तर प्रदेश के तहत संभागीय विख्यापन अधिकारी के एक पद पर भी भर्ती होगी।इन पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू 10 जून से शुरू होने जा रहे हैं, जो 21 जून तक चलेंगे। जून के अंत तक सभी पदों के चयन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। सबसे पहले 10 एवं 11 जून को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एलोपैथ में चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 आर्थोपेडिशियन के 22 पदों के लिए इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 12, 13 एवं 14 जून को चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 टी. स्पेशलिस्ट के 25 पदों और चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 पैथोलॉजिस्ट के 21 पदों के लिए साक्षात्कार होंगे। वहीं, 18 एवं 19 जून को चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 आफ्थोमो लॉजिस्ट के 23 पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू कराए जाएंगे। इसके अलावा 20 और 21 जून को चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 एनेस्थेटिस्ट के सर्वाधिक 460 पदों के लिए इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग में संभागीय विख्यापन अधिकारी के एक पद के लिए इंटरव्यू 15 जून को आयोजित किया जाएगा । इससे पूर्व आयोग की ओर से चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 के तहत अन्य विधाओं वाले पदों के परिणाम जारी किए जा चुके हैं।

हालांकि, ज्यादातर परिणामों में 80 से 90 फीसदी पद खाली रह गए हैं। अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण ऐसा हुआ है। आयोग ने तीन दिन पहले 27 मई को चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 रेडियो लॉजिस्ट के 70 पदों का परिणाम घोषित किया था और अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण सभी पद खाली रह गए थे। वहीं, चिकित्साधिकारी प्लास्टिक सर्जन के 50 में से 46 पद खाली रह गए थे।

# गर्मी से हाहाकारः तापमान पहुंचा 45.5 डिग्री

**मरम्मत के नाम पर 10-11 घंटे काटी जा रही बिजली**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में तापमान 45.5 डिग्री बना हुआ है। दिन में दस बजे से चार बजे तक आसमान से आग बरस रही है। इस भीषण गर्मी में भी शहर के किसी न किसी भाग में विद्युत आपूर्ति मरम्मत के नाम पर ठप कर दी जा रही है। बिजली न आने से जलापूर्ति भी ठप रहती है। इससे लोगों का जनजीवन असामान्य हो गया है।

प्रतापगढ़ में आज अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 30 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया। गर्मी से बेहाल लोगों को बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। नया माल गोदाम रोड पर बुधवार की रात 12 बजे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई तो रात भर बिना बिजली के लोग रहे। सुबह तक बिजली नहीं आई तो पता चला कि केबिल जली है और मरम्मत का काम हो रहा है। गुरुवार को दिन में 11.30 बजे बिजली आई तो फिर आधे घंटे बाद चली गई। बिजली आने-जाने का यह क्रम अपरान्ह तीन बजे तक चलता रहा। दो दिन पहले सई नदी के पुल के पास ट्रांसफार्मर जलने से दोपहर से रात दस बजे तक पूरे सदर बाजार में विद्युत आपूर्ति ठप रही। इस भीषण गर्मी में मरम्मत के नाम पर काटी जा रही बिजली से शहर में हाहाकार मचा हुआ है।



गर्मी से मुंह ढककर चलती महिलाएं।

## नौतपा में लोगों को नीबू पानी पिला रहे समाजसेवी

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** नौतपा मे पड़ रही भीषण धूप और गर्मी में जहाँ लोग अपने घर से नहीं निकल पा रहे हैं। वहीं असली समाज सेवी होने का राजेश त्रिपाठी सोनी ने लोगों की जलसेवा करके मिसाल कायम कर रहे हैं। तेज धूप और नौतपा से तापमान में वृद्धि के कारण लोगों को लू लगने की संभावना है। जिससे आम जनजीवन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

इसके मद्देनजर गुरुवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के नेता वरिष्ठ समाजसेवी बाबागंज विधानसभा के ग्राम पंचायत ढिगवश के वर्तमान ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी ने आरो का ठंडा जल नींबू लोगों को वितरित करते हुए क्षेत्र वासियों से अपील किया है कि धूप में घर से अनावश्यक नहीं निकले। यदि जरूरी हो तो सर और चेहरे को कपड़े टोपी से ढक कर ही घर से निकले और साथ में पानी की बोतल भी अवश्य रखें। भीषण गर्मी में लू से बचने के लिए पानी पिए भले ही प्यास ना लगी हो और धूप में निकलने से पहले सिर और कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले। मजदूरों को जागरूक करते हुए कहा कि धूप में काम करने ना जाए जो भी जरूरत पड़े खाने पीने का सामान के लिए उन्हे सूचित करें उसे उपलब्ध कराया जाएगा। समाजसेवी के कार्यों का क्षेत्र में सराहना हो रही है।

## चार साल की रुचिका ने बारह साल की साक्षी को लूडो में दी मात

**सौरभ और नैतिक ने जीती कैरम की बाजी**

**बच्चा बैंक के समर कैंप में नौनिहाल मचा रहे धमाल**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ज़रूरतमंद छात्रों के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी द्वारा आयोजित फन समर कैंप में नौनिहाल खूब धमाल मचा रहे हैं। कैंप के दूसरे दिन लूडो और कैरम की जूनियर और सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई। लूडो जूनियर वर्ग की चार वर्ष की रुचिका ने बारह वर्ष की साक्षी को फाइनल मुकाबले में हरा दिया। सीनियर वर्ग में साहिबा ने नैंसी को पराजित किया। कैरम के जूनियर फाइनल में सौरभ और सीनियर वर्ग में नैतिक जीते। भंगवा गांव में बच्चा बैंक के फ्री स्टडी सेंटर पर पांच दिवसीय समर कैंप चल रहा है। गुरुवार को दूसरे दिन लूडो और कैरम की प्रतियोगिता हुई। लूडो में पहला राउंड साक्षी, रुचिका और खुशी के बीच हुआ। दूसरा राउंड साक्षी और रुचिका के बीच हुआ। जिसमें चार साल की रुचिका दो गोट से जीत गई। सीनियर लूडो में साहिबा ने नैंसी को मात्र एक गोट से हराया। जूनियर कैरम का फाइनल सौरभ और सत्यम प्रजापति के बीच हुआ। सौरभ चालीस अंकों (बीस की दो गोट) से जीत गए। सीनियर वर्ग में नैतिक ने साठ अंकों (बीस की तीन गोटी) से अंश कुमार को हराया। टीचर दामिनी और हिमांशु निर्णायक की भूमिका में थे। सेंटर के प्रिंसिपल शनि ने बताया कि जो भी प्रतिभागी जीत रहे हैं उनको कैंप के अंतिम दिन पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# वृक्ष लगाए बिना नही मिलेगी भीषण गर्मी से मुक्तिः सत्येंद्र सिंह

**विकास के नाम पर पेड़ो की आधाधुंध कटाई है तेज गर्मी का कारण कब जागेंगे हम**

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** विकास होगा तो उसकी जद मे आने वाले पेड़ काटे जाएंगे, लेकिन उनकी जगह यदि नये पेड़ तैयार नही किये जाएगे तो इसी तरह की गर्मी दिनोदिन बढ़ती जाएगी, इसलिए अब हर व्यक्ति को अपने जीवन में पांच पेड़ तैयार करने का संकल्प लेना होगा। ये कहना है मनगढ़ धाम गांव के रहने वाले सत्येंद्र सिंह का जिन्होंने अपनी युवा अवस्था मे ही इस मरम को समझा और पेड़ लगाने मे जुट गये। बीते डेढ़ दशक में इनके द्वारा अब तक सैकड़ों पेड़ लगाए जा चुके जो अब हरियाली के साथ छांव देना शुरु कर दिये है।

पेशे से समाजसेवी सत्येंद्र सिंह ने पेड़ो की महत्ता को समझा और दैनिक जीवन मे जो भी समय बचा उसको वृक्षारोपण पर खर्च किया। सतेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक नीम, जामुन, पीपल, पाकड़, बरगद समेत कई प्रकार के छायादार पेड़ वे लगा चुके है जिनमे बड़ी संख्या मे उनके द्वारा लगाए पेड़ तैयार होकर को जन जीवन को सुगम बनाने का काम कर रहे हैं। वृक्षारोपण की धुन मे डूबे सतेंद्र सिंह ने अब तक 25 हजार पेड़ लगवाया जिनमे 10 हजार के करीब पेड़ सफलता पूर्वक लहरा रहे है। मनगढ़ मे सड़को के किनारे, खाली पड़ी जमीनों पर, स्कूलों के आसपास, समिति बगल और संकट मोचन धाम पर बड़ी संख्या मे वृक्ष लगाकर उन्हे तैयार कर चुके है। अगर लोगों मे पेड़ लगाने का संकल्प किया जायेगा तभी हम बदल रहे मौसम और उनके कहर से बच पाएंगे। मनगढ़ के इस व्यक्ति जिसका सम्मान वन विभाग को करना चाहिए लेकिन हो सकता है की उनका भागीरथी प्रयास के विषय मे इस विभाग को जानकारी ही न हुई हो। ऐसे लोग जो समाज और भूमंडल के प्रति संवेदन शील है उन्हे भास्कर दिल से सलाम करता है।



पेड़ों के बीच मौजूद समाजसेवी सत्येन्द्र सिंह।

## युवक की हत्या करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र कोतवाली देहात में युवक की हत्या करने के मामले में छह नामजद व्यक्तियों व एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग उपरोक्त में धारा 302/201 भादंवि की बढोत्तरी की गई।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना कोतवाली देहात के थानाध्यक्ष उ0नि0 विनीत कुमार उपाध्याय मय हमराह उ0नि0 राकेश कुमार सिंह,, कां0 राजेश खरवार, म0कां0 शोभा, चालक का0 विशाल कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त मुकदमा से संबंधित चार अभियुक्त दुर्गेश शुक्ला पुत्र रामदुलार शुक्ला निवासी मादूपुर थाना कोतवाली देहात, धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 वंशीलाल निवासी मादूपुर थाना कोतवाली देहात, प्रमोद कुमार उर्फ पप्पू हरिजन पुत्र स्व0 मिश्रीलाल निवासी सकरौली भाटन का पुरवा थाना कोतवाली देहात व अनिल कुमार पुत्र स्व मिश्रीलाल निवासी सकरौली भाटन का पुरवा थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी के साथ थाना क्षेत्र कोतवाली देहात के पड़वासी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि 27 मई 2024 की शाम आठ बजे हम चारों लोग बड़ेलाल के साथ भुवालपुर डोमीपुर गांव के पास स्थित बाग में शराब पी रहे थे। उसी बीच शराब पीते समय बड़ेलाल से झगड़ा हो गया। बड़ेलाल हम सभी को गालियां देने तथा मारपीट करने लगा जिस पर आक्रोश में आकर हम लोगो ने बड़ेलाल को मारा पीटा तथा गमछे से गला दबाकर बड़ेलाल की हत्या कर दी। अभियुक्त अनिल कुमार उपरोक्त ने बताया कि बड़ेलाल की हत्या करने के बाद मैं अपने घर जाकर अपनी बोलेरो लेकर भुवालपुर डोमीपुर बाग पहुंचा जहां बड़ेलाल का शव पड़ा था तथा बाकी तीनो लोग वहीं पर मौजूद थे हम लोगों ने मिलकर बडेलाल के शव को बोलेरो में रखकर आपस में विचार करके बकुलाही नदी के किनारे पूरे नियादर गांव के पास पुल के नीचे की तरफ एक गड्डा बनाकर बड़ेलाल का शव उसी गड्डे में रखकर ऊपर से मिट्टी गिराकर ढक दिया तथा घास फूस भी डाल दिया था।

# साहित्य भूषण हरीलाल के बाल कविता संग्रह का हुआ लोकार्पण

**सृजना कुटीर में हुआ आयोजन**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा साहित्य भूषण सम्मान से समलंकृत हरी लाल मिलन के बाल कविता संग्रह एक रहेंगे नेक रहेंगे का भव्य लोकार्पण अजीतनगर स्थित सृजनाकुटीर में हुआ। सर्वप्रथम भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया गया।

बुद्ध वंदना का संगायन भी हुआ। लोकार्पण के पश्चात समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व बाल न्यायाधीश व प्रमुख साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि कविता 'संग्रह एक रहेंगे नेक रहेंगे में उच्च कोटि की बाल कविताएं हैं। कविताएं बच्चों के बौद्धिक विकास में बहुत सहायक होंगी। समारोह के मुख्य अतिथि एवं संग्रह के प्रणेता साहित्य भूषण हरीलाल मिलन ने कहा कि बाल साहित्य से बच्चों में जीवन मूल्य, संस्कार, आचार विचार और व्यवहार का स्वस्थ भविष्य पुष्पित, पल्लवित एवं सुवासित होता है। संचालन युवा साहित्यकार अनिल कुमार निलय ने किया। इस अवसर पर अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, प्रेमकुमार त्रिपाठी प्रेम, श्रीनाथ मौर्य सरस, अमर नाथ गुप्ता बेजोड़, राकेश कनौजिया, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, राधेश्याम दीवाना ने संग्रह पर विचार प्रस्तुत किया।




साहित्य भूषण हरीलाल को सम्मानित करते ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा।

## पूर्व सभासद के निधन पर अचलपुर में शोक

**प्रतापगढ़।** शहर में अचलपुर वार्ड के पूर्व सभासद श्याननाथ त्रिपाठी का निधन हो गया है। वह लगभग 69 वर्ष के थे जो कुछ दिनों से बीमार थे। उनके निधन पर अचलपुर वार्ड के लोगों, रिश्तेदारों व घरवालों में कोहराम मच गया। गुरुवार की भोर में तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। श्याम नाथ त्रिपाठी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके बड़े भाई एवं तिलक इंटर कालेज के अवकाश प्राप्त वरिष्ठ प्रवक्ता अमरनाथ त्रिपाठी ने बताया कि वह जीवन भर लोगों की मदद करते रहे। उनके निधन पर अवकाश प्राप्त कर्मचारी संघ के नेता एनपी मिश्रा, पत्रकार शैलेन्द्र मिश्र ने पूर्व सभासद के निधन पर गहरा शोक जताया है।

# पौधा लगाएं और उसकी देखभाल करें: डा0 अवनीश

**आरोग्य भारती द्वारा पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** तपन बढ़ने के साथ पारा 46 डिग्री तक पहुंच रहा और अब पौधारोपण की अधिकाधिक जरूरत महसूस की जा रही है। पर्यावरण को संरक्षित रखने और गर्मी से बचाव के लिए आरोग्य भारती काशी प्रांत की प्रतापगढ़ इकाई द्वारा गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छितपालगढ़ के परिसर में दर्जन से अधिक फलदार, छायादार एवं फूल के अलावा कई महत्वपूर्ण पौधे लगाए गये।

प्रमुख रूप से आम, अमरुद, पलाश, खैर, नीम, रुद्राक्ष, कटहल, जामुन, हरसिंगार के पौधे लगाने के साथ ही पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेकर वृक्षों को न काटने और उन्हें बड़े होने तक रखरखाव की शपथ ली गयी। चिकित्सकों द्वारा पौधारोपण कर समाज हित में जल संरक्षण एवं जन-स्वास्थ्य अभियान का संदेश दिया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय छितपालगढ़ के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा अवनीश पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में पेड़ बचाना बहुत जरूरी हो गया है। अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोग लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं लेकिन उनकी जगह नए पेड़ नहीं लगा रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा को लेकर सभी को पेड़ लगाने के लिए आगे आना चाहिए। किसी विशेष अवसर जैसे अपने जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ आदि पर भी पौधरोपण कर सकते है। इस समय हमारा पर्यावरण दूषित हो रहा है। यदि हमने पौधे नहीं लगाए व उनका ध्यान नहीं रखा तो आने वाले समय में हमें आक्सीजन की कमी एवं अनेक बीमारियों से ग्रसित होना पड़ेगा। घर पर, धार्मिक स्थानों, सड़क के किनारे जहाँ जगह खाली हो वहाँ पौधा लगाएं और उसकी देखभाल करें साथ ही पानी दें जिससे वे ठीक से फल फूल सकें। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा अखिलेश कुमार ने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण हरा-भरा रहेगा, तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरत और हरा-भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। इस दौरान मृत्युंजय यादव, रामचंद्र मौर्य, सतीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।




पौधरोपण करते आयोग्य भारती के पदाधिकारी।



पत्रकारिता दिवस पर मौजूद पत्रकारगण।

## निष्पक्ष होनी चाहिए पत्रकारिताः वीसी मिश्रा

**कुंडा डाक बंगले में पत्रकारिता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम**

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** आपसी समंजस्य एकजुटता से ही कलम के सिपाही पत्रकारों की समाज में पहचान होती है। समाज व देश को अपने कलम की धार से आइना दिखाने वाले पत्रकार किसी के पहचान का मोहताज नहीं है। लेकिन हम पत्रकारों को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़नी चाहिए, इसी में हम सबों के साथ समाज व देश की भी भलाई समाहित है।

उक्त बातें कुंडा कस्बा स्थित डाक बंगला परिसर में गुरुवार को इंडियन प्रेस काउंसिल द्वारा पत्रकारिता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंडियन प्रेस काउंसिल के संस्थापक वीसी मिश्रा ने कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहाकि पत्रकारिता निष्पक्ष होनी चाहिए। राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप कुमार ने कहा कि पत्रकारों के हित एवं संगठन मजबूती के लिए सबको साथ लेकर उद्देश्यों के अनुरूप काम करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला संरक्षक अजय मिश्रा ने कहाकि उदंत मार्तंड की स्थापना दिवस को पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। पत्रकारों की जो भी समस्याएं हैं, उनको लेकर जिला प्रशासन से शासन तक निराकरण कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। जिलाध्यक्ष रायबरेली रोहित पांडेय ने कहा कि रायबरेली में भी संगठन की नीव रखी जा चुकी है। जल्द ही कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। कार्यक्रम को संतोष गुप्ता सोनू, दिनेश पाल, संदीप साहू, सुजीत मिश्रा आदि ने संबोधित करते हुए संगठन के विस्तार पर बल दिया। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस पर संगठन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों के अलावा क्षेत्र के सम्मानित रक्तदाता रक्तदान करेंगे। कार्यक्रम में संगठन के जिला कोषाध्यक्ष दीनानाथ मिश्रा के दादा रामानुज मिश्रा, पिता राम आसरे मिश्रा, पत्रकार देवी शरण मिश्रा की मां के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट की गई। इस मौके पर राहुल यादव, सुभाष सोनकर, संदीप यादव समेत बड़ी संख्या में पत्रकार और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** हाई वोल्टेज लाइन ठीक करने गये लाइनमैन की करंट के चपेट में आ जाने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों ने घायल लाइनमैन को 108 एंबुलेंस से सीएचसी पट्टी लेकर आए जहां पर गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर गांव के रहने वाले राकेश कुमार श्रीवास्तव सदहा उपकेंद्र पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत है। 11 हजार वोल्टेज लाइन खराब होने की जानकारी मिलने पर वह डाही गांव गया। सिटडाउन होने के बावजूद विद्युत प्रवाह होने के चलते वह करंट की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस कर नीचे गिर गया। यह सब देख आसपास के लोग मौके पर आए उसे आनन फानन में 108 एंबुलेंस से सीएचसी लेकर आए। इलाज के उपरांत डॉक्टर ने गंभीर हालत के चलते मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया।

# तदर्थ शिक्षकों के वेतन की मांग को लेकर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने डीआईओएस कार्यालय पर किया प्रदर्शन**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (मा0) के जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सैकड़ों तदर्थ शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को वेतन भुगतान के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया। बता दें कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षक जो कोषागार से वेतन प्राप्त कर रहे थे, का वेतन भुगतान शासनादेश द्वारा तदर्थ शिक्षक जो विनियमित नहीं है, की सेवायें बाधित कर दी गयी हैं।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में वे तदर्थ शिक्षक जिनकी सेवायें शासनादेश के द्वारा बाधित हैं. का नियमित वेतन भुगतान किया जाय तथा उनके पदों के साथ कोई छेड़छाड़ न किया जाय। शिक्षक एवं उनका परिवार वेतन न पाने से भुखमरी से कगार पर है। उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश एवं मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन लखनऊ द्वारा सदन/मौखिक निर्देश के क्रम में वेतन भुगतान करने की महती कृपा करें। अन्त में श्री त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रत्यावेदन देने में सर्वश्री राकेश कुमार सिंह, विक्रान्त शुक्ल, विजय द्विवेदी, आलोक सिंह विनम अनिल तिवारी बृज किशोर द्विवेदी, राजीव सिंह, प्रेम शंकर मिश्र, आलोक त्रिपाठी, प्रकाश त्रिपाठी सतत सिंह दिव्य प्रकाश शुक्ल, रमाकान्त पाण्डेय, के0पी0 सिंह, सूर्यबली यादव, राजेश यादव, उमाकान्त त्रिपाठी, सुधांगू शुक् विपिन सिंह, शैलेन्द्र सिंह, संतोष त्रिपाठी, पवन कुमार मिश्र आदि सैकडो शिक्षक उपस्थित रहे।



डीआईओएस कार्यालय पर प्रदर्शन करते राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी।

## अस्पताल में टीवी की दवाओं का टोटा, भटक रहे मरीज, टीवी हारेगा देश जीतेगा, सरकार का यह नारा खोखला

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नीति आयोग की हेल्थ इंडेक्स (स्वास्थ्य सूचकांक) में यूपी को निचला स्थान मिलने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की पहल नहीं कर पा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी कागजी घोड़ा दौड़ा कर स्वास्थ्य सेवाएं चाक चैबंद होने का दावा तो करते हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। टीवी के रोकथाम हेतु सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाता है और सरकार का नारा भी है कि देश जीतेगा और टीवी हारेगा, लेकिन मौजूदा समय में अस्पतालों में टीवी की दवाओं का अभाव इस कदर है कि टीवी के मरीज बाहर से दवा लेकर खाने को मजबूर हैं। जबकि सरकार द्वारा टीवी के उन्मूलन हेतु भारी भरकम बजट पारित किया जाता है। आपको बताते चलें की मामला सामुदायिक सेवा स्वास्थ्य केंद्र पट्टी का है जहां पर टीवी की दवाएं बिल्कुल भी वितरित नहीं की जा रही है। टीवी मरीजों का आरोप है कि जब स्वास्थ्य कर्मियों से इस बाबत जानकारी ली जाती है तो उनके द्वारा बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय से दवाओं की सप्लाई नहीं हो रही है लिहाजा जब दवाएं जिला चिकित्सालय से सप्लाई कर दी जाएगी तो वितरित किया जाएगा। आपको बता दें कि पट्टी तहसील क्षेत्र के रानीगंज गांव निवासिनी सरीखा गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी से टीवी का इलाज करा रही हैं और टीवी की दवा के लिए बीते मंगलवार को वह दवा लेने पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आई थी। उनका कहना है कि लगभग एक महीने से दवाएं नहीं मिल रही हैं मुझे बाहरी मेडिकल स्टोर से दवा लेकर खाना पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार?....

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जब इस बारे में जिला क्षय रोग चिकित्सा अधिकारी से दूरभाष के माध्यम से बात की गई तो वह नंबर उनके कर्मचारी के पास मिला। उनके कर्मचारी द्वारा बताया कि टीवी की दवाओं की सप्लाई स्टेट से नहीं मिल पा रही है जिसके कारण इस समय अभाव हो गया है, जल्द ही समस्याएं दूर कर वितरण कराया जाएगा। जब इस बाबत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी के अधीक्षक डॉ अखिलेश जायसवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय को इंडेंट भेज दिया गया है,दवा मिलते ही टीवी मरीजों को दवाओं का वितरण कराया जाएगा।

# तालाब में पानी भरवाने के नाम पर दोबारा सरकारी रकम निकालने की नई योजना की गई तैयार

## भीषण गर्मी के दृष्टिगत अमृत सरोवरों/तालाबों में पानी भरवानें के सीडीओ ने दिए निर्देश, खराब हैण्डपम्पों को तत्काल ठीक कराने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**





**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा कार्यालय कक्ष में भीषण गर्मी के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गईं।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता नलकूप, अधिशासी अभियंता जल निगम एवं सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो तालाब पूर्व में भरवायें गये थे, तापमान ज्यादा बढ़ने से कुछ तालाब सूख गये हैं। उन तालाबों को पुनः भरवाते हुए अन्य नये तालाबों को भी पानी से भरवा दिया जाय, जिससे पशु-पक्षियों को इस भीषण गर्मी में परेशानी का सामना न करना पड़ें।तालाब में पानी भरवाने के नाम पर दोबारा सरकारी रकम निकालने की नई योजना तैयार होने लगी है जो की पहली बार तालाब में पानी भरवाने के नाम पर जिला अधिकारी ने निर्देश दिया था लेकिन जिलाधिकारी के निर्देश पर विभाग द्वारा तालाब में पानी नहीं भरा गया और सरकारी रकम खजाने से निकाल लिया और जिलाधिकारी को मीटिंग में बता दिया गया कि तालाब में पानी भर गया अब यह बताया कि गर्मी के चलते तालाब सूख गए हैं जबकि 90 प्रतिशत से अधिक तालाब में पानी नहीं भरवारा गया बिना पानी भरवाए सरकारी खजाने से रकम निकाल ली गई थी और जिलाधिकारी को गुमराह किया गया है अब फिर तालाब में पानी भरवाने के नाम पर दोबारा रकम निकालने की तैयारी शुरू है मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी एवं सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सचिव, ग्राम पंचायतों से सर्वे करवाया जाय कि ग्राम पंचायतों के मुहल्लों में कितने हैण्डपम्प रिबोर कराने के योग्य हैं, खराब हैण्डपम्पों को तत्काल ठीक कराया जाय, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों में परियोजनायें चालू हैं और पानी की आपूर्ति शुरू है, उससे अमृत सरोवरों एवं अन्य तालाबों में पाइप लगाकर पानी भरवा दिया जाय, इस कार्य का सत्यापन सचिव ग्राम पंचायतों से कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर सभी कार्यों को पूर्ण कराते हुए सूचना उपायुक्त (श्रम रोजगार) को उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई ने अवगत कराया कि किशुनपुर पम्प कैनाल 01 जून 2024 से संचालित हो जायेंगा, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नहरों के आस-पास के तालाबों एवं गड्ढों को भरवा दिया जाय, जिससे पानी की वजह से किसी भी मवेशी या पक्षियों की मौत न हों। बैठक में अधिशासी अभियंता नलकूप ने बताया कि जनपद में नलकूपों की कुल संख्या-397 हैं, जिसमें सभी क्रियाशील हैं। कमाण्ड एरिया में 185 तालाब हैं, जिन्हें पानी से भरा दिया गया हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधानों को ग्रामीणों से सम्पर्क कर कमाण्ड एरिया से दूर के तालाबों एवं गड्ढों को पाइप लगाकर नलकूपों से भरवाया जाय।

# बैंक से रुपया निकालकर ई रिक्शा से घर जा रही महिला से सरेराह बाइक सवार बदमाशो ने गहने नगदी लूटे

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में बेखौफ बाइकर्स लुटेरों ने दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया है बाइकर्स लुटेरों ने मंझनपुर बैंक से रुपया निकालकर ई रिक्शा से घर जा रही महिला से सरेराह महिला के पहने हुए गहने और नगदी लगभग 50 हजार रुपए लूट लिया है,लूट की घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और जांच में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कैनी गांव की सरला देवी पत्नी श्रवण कुमार श्रीवास्तव बैंक से रुपए निकालने मंझनपुर बैंक आई हुई थी,बैंक से रुपया निकालकर वह ई रिक्शा से अपने गांव कैनी जा रही थी,जैसे ही वह कैनी गांव के पास पहुंची बाइक सवार बदमाश आए और उसके कान में पहने हुए गहने को नोच लिया और उसका रुपए से भरा थैला लेकर फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर भीड़ एकत्रित हो गई और पुलिस को इसकी सूचना दी गई,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और जांच में जुट गई है।घटना की सूचना पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

# आईजी प्रयागराज जोन ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा



**कौशाम्बी।** जिले लोकसभा चुनाव की ईवीएम में बंद प्रत्याशियो के भाग्य का फैसला/मतों की मतगणना 4 जून को होनी है जिसके लिए नवीन मंडी स्थल ओसा पर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है मतगणना प्रक्रिया को सकुशल, शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत प्रयागराज जोन आईजी प्रेम कुमार गौतम ने एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ ओसा मण्डी स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया ,उन्होंने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# पत्रकारों ने सत्य निष्पक्ष पत्रकारिता करने का लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर भारतीय पत्रकार संघ के बैनर तले एकत्रित हुए पत्रकार**




**कौशाम्बी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जनपद मुख्यालय मंझनपुर में भारतीय पत्रकार संघ के बैनर तले एकत्रित हुए पत्रकारों ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के महत्व पर चर्चा की कि मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा शुरू किए गए प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन से प्रारम्भ हुई। यह दिन सत्य और साहस के साथ जनकल्याण के उद्देश्य से कार्य करने वाले हिंदी पत्रकारों के विशेष योगदान को समर्पित है। उदन्त मार्तण्ड का हिन्दी प्रकाशन भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ। समाचार पत्र से भारत में पत्रकारिता के एक नए युग की शुरूआत हुई और बाद में समाज और संस्कृति पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा। इससे पत्रकारिता के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ी और नागरिकों को सही जानकारी प्रदान करने में हिंदी समाचार पत्रों का महत्व बढ़ा। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारिता में देश और समाज के मुद्दों, घटनाओं और समाचारों को देशभर के लोगों तक पहुंचाया जाता है और उन्हें अवगत कराने की कोशिश की जाती है. इस पत्रकारिता को बढ़ावा देने और सराहने के लिए ही हर साल 30 मई के दिन हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है भारत में प्रकाशित होने वाला पहला हिंदी भाषा का अखबार, उदंत मार्तंड (द राइजिंग सन), 30 मई 1826 को शुरू हुआ। इस दिन को ₹हिंदी पत्रकारिता दिवस₹ के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इसने हिंदी भाषा में पत्रकारिता की शुरूआत को चिह्नित किया था। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए पत्रकारों ने निष्पक्ष पत्रकारिता करने का संकल्प लिया वक्ताओं ने कहा कि सत्य और निष्पक्ष पत्रकारिता समाज को सही दिशा दे सकती है वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता किसी चुनौती से काम नहीं है और सत्य निष्पक्ष खबर लिखने पर तमाम तरह की दिक्कतों से जूझना पड़ता है भ्रष्टाचार से जुड़े लोग माफिया अपराधी कलम की आवाज दबाना चाहते हैं जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ केसरवानी रामबदन भार्गव सुशील केसरवानी संतलाल मौर्य सुबोध केसरवानी गणेश साहू राजू सक्सेना राकेश केसरवानी अजीत कुशवाहा मदन केसरवानी राजकुमार विष्णु सोनी रामबाबू केशरवानी शम्सुल हसन खान शकील अहमद मनजीत कुमार यादव रजनीश कुमार नेता तिवारी शशि भूषण सिंह सोनू त्रिपाठी सुशील कुमार उर्फ बबलू मिश्रा अनिल कुमार महेंद्र मिश्रा शैलेंद्र मौर्य रितेश जायसवाल एनडी तिवारी पवन मिश्रा धर्मेंद्र सोनकर नथन पटेल मोनू पांडेय मुन्ना सिंह यादव विजेंद्र केसरवानी सदाब्रत पांडेय राकेश दिवाकर मोहम्मद फैज सियाराम सिंह आर्यवीर उत्तम मिश्रा सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे और पत्रकारिता दिवस पर अपना विचार व्यक्त किया।

# न्यूज झरोखा

## कौशाम्बी के कसेन्दा गांव से हज पर निकले जफर अहमद दंपत्ति



**कौशाम्बी।** हमेशा चर्चा में रहने वाला गांव कसेन्दा इस बार अलग तरह की चर्चा में है गांव के ही जफर अहमद रोडबेज बस में कंडक्टर थे रिटायर होने के बाद इन्होनें पत्नी सहित हज पर जाने का फैसला किया जैसे ही इसकी खबर गांव को लगी गांव में एक हुजूम सा आ गया हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल बन गांव के सभी धर्म के लोग जफर अहमद व इनकी पत्नी इसरत जफर की विदाई में निकल पड़े मक्का मदीना मुस्लिमों का मरकज हमेशा से रहा ज्यारत करने के लिए सदियों से चल रही प्रथा की कड़ी में गुरुवार को पिपरी थाना क्षेत्र के ग्राम कसेन्दा निवासी जफर अहमद व इनकी पत्नी इसरत जफर मक्का मदीना की ज्यारत करने के लिए निकले गांव के लोग फूल माला पहना कर इनके स्वागत व सम्मान में उमड़ पड़े वही कौशाम्बी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम की अगुवाई में भी दर्जनों लोगों ने हज की मुबारकबाद दी व फूल माला पहना कर जफर अहमद व इसरत जफर की बेहतरीन तरीके से विदाई की साथ ही गांव की खुशहाली तरक़्क़ी भाई चारे व मुल्क में अमन के लिए दुआ करने का निवेदन भी किया इस मौके पर कसेन्दा प्रधान सुखलाल यादव मो0 साजिद जमशेद इब्राहिम इम्तेयाज अख्तर नरेंद्र यादव मैहर लाल सरवन यादव मजहर लाईक सैफ अजीम अशरफ कमर अमीर अहमद नफीस अहमद कमलेश कुमार मो खालिद लवकुश कुमार अमजद माजिद अली आरिफ अहमद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## 52 दुकानों में छापे डाल कर 28 नमूनों को किया अधिग्रहीत

### जनपद के बीज निर्मातओं,थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों गोदामों में आकस्मिक छापा डालकर नमूना संग्रहीत व अनियमितता पर की गई कार्यवाही




**कौशाम्बी।** जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार गठित 03 टीमों द्वारा गुरुवार को जनपद के बीज निर्मातओं, थोक एवं फुटकर विक्रेताओं (सहकारी समिति/ यूपीएग्रो/ पीसीएफ/ इफ्को केन्द्र/ निजी) के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों में आकस्मिक छापे डालकर नमूना संग्रहीत एवं अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कुल 52 छापे डाले गए व 28 नमूनों को अधिग्रहीत किया गया तथा 03 प्रतिष्ठानों के स्वामियों को चेतावनी जारी किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीमों में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम, अपर जिला कृषि अधिकारी अनुज कुमार मौर्य, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सुरुचि विश्वकर्मा व अभयराज गुप्ता तथा भूमि संरक्षण अधिकारी विपिन कुमार शामिल थे।

## शराब ठेके पर भीड़ लगाना ठीक नहीं



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे पर देशी शराब के ठेके पर लगी भीड़ को देख कर कोखराज थानेदार इन्द्र देव ने भीड़ को हिदायत देते हुए दुकान को खाली कराया उन्होंने शराब दुकान के सेल्समैन से कहा कि शराब ठेके पर भीड़ लगाना ठीक नहीं है और आइंदा से शराब की दुकान पर भीड़ नहीं लगनी चाहिए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए

## मासूम बच्चे के साथ कुकर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

**कौशाम्बी** बिस्किट खिलाने के बहाने किशोर को गांव का ही युवक पंचायत भवन में ले जाकर किया दुष्कर्म। किशोर लहूलुहान की हालत में रोते हुए घर आकर आप बीती अपनी मां से बताया। चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव का किशोर वृहस्पतिवार की दोपहर अपने घर के पास खेल रहा था। उसी समय गांव का ही एक युवक किशोर को बिस्किट खिलाने के बहाने गांव के बाहर पंचायत भवन ले गया। पंचायत भवन के अन्दर किशोर के साथ जबरन दुष्कर्म किया। किशोर खून से लथपथ की हालत में चीखने चिल्लाने पर युवक ने किशोर को गाली-गलौज देते हुए मार पीट कर मौके से भाग गया । किशोर खून से लथपथ की हालत में रोते बिलखते हुए घर पहुंच कर आप बीती अपनी मां से बताया। किशोर की मां किशोर को खून से लथपथ की हालत में चरवा थाना पहुंच कर नाम जद्द लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने कि मांग किया है। चरवा पुलिस ने शिकायती प्रार्थना पत्र पाकर युवक के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके किशोर को इलाज हेतु नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरवा भेजा है। थानाध्यक्ष चरवा बलराम सिंह ने मयफोर्स के साथ आरोपी की तलाश में दबिश देकर धर दबोचा है।

# कड़ा के गंगा नदी में बह रहा गंदा पानी रोकने की मांग

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** इक्यावन शक्ति पीठ कड़ा धाम में स्थित कुबरी घाट व कालेश्वर घाट में आने वाले हजारों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं और प्रसाद स्वरूप गंगाजल अपने साथ ले जाते हैं इसके बावजूद गंगा नदी में नाले का गंदा पानी बहने से पानी साफ नहीं हो पाया है । गंगा नदी में सफाई को लेकर सरकार तमाम दावे कर रही है लेकिन पतित पावनी और मोक्षदायिनी के रूप में कही जाने वाली नदी आज अपने अस्तित्व के लिए ही जूझ रही है इसकी सच्चाई जानकर आप खुद चौक जाएंगे । दरअसल, गंगा नदी में सीधे नालों का गंदा बदबूदार पानी गिर रहा है लोग भी गंगा सफाई के किए जा रहे लेकिन झूठे दावों से श्रद्धालू हैरान हैं। वहीं इसकी शिकायत के लिए विकास खंड कड़ा के सौरई बुजुर्ग गांव के रहने वाले राम मूरत शर्मा पुत्र स्व बलदेव प्रसाद ने गुरुवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया की शक्ति पीठ कड़ा धाम के कुबरी घाट व कालेश्वर घाट में स्थित गंगा नदी में नाले का गंदा पानी बहता है । जिससे गंगा में स्नान करने आए श्रद्धालु भी गंगा में सीधे मिल रहे नालों को देख कर श्रद्धालु नाराजगी जाहिर करते हैं उनका कहना है कि गंगा हमारी आस्था का विषय है लेकिन ये नाले उसे गंदा कर रहे हैं। वहीं राम मूरत शर्मा ने मामले में एसडीएम से कार्यवाही की मांग की है । और गंदे पानी की निकासी के लिए एक अलग एकांत जगह बनाई जाए जिस पर उप जिला अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दारानगर कड़ा को कार्रवाई का निर्देश दिया है।

## डीसीएम में सोए चालक की मौत, लू लगने की आशंका

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप में वाहन खड़ी करके डीसीएम के केबिन में सोए चालक की बुधवार की रात मौत हो गई। लू से मौत होने की आशंका जताई जा रहा है। रात में वह गाड़ी को संदीपनघाट कोतवाली के हाईवे किनारे स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़ा कर केबिन में सोया था।सुबह चालक को मृत अवस्था में देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजस्थान के अल्लापुर अकबरपुर अलवर निवासी 40 वर्षीय अब्दुल पुत्र बब्लू खान बुधवार की रात डीसीएम ट्रक लेकर प्रयागराज से कानपुर की ओर जा रहा था। रात करीब दस बजे वह गर्मी से बेहाल होने के बाद डीसीएम को संदीपनघाट कोतवाली के समीप एक पेट्रोल पंप के पास खड़ा कर केबिन में सो गया। सुबह जब वह देर तक नहीं उठा तो पंप के कर्मचारियों ने आवाज लगाते हुए केबिन खटखटाया पर कोई उत्तर नहीं मिला। सूचना के बाद पुलिस ने आधार कार्ड के जरिए शव की पहचान करने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी। युवक का शव लेने के लिए परिजन राजस्थान से कौशाम्बी के लिए रवाना हो गए।

## बाजार से लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को पिकप ने मारी जोरदार टक्कर

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के मलाक भायल निवासी राजू पुत्र स्वा0 जमील अहमद अपने भतीजे अयान पुत्र अनीस अहमद को लेकर नजदीक बाजार चाकवन सब्जी खरीदने गया था सब्जी लेकर घर वापस लौट रहा था अपने घर के नजदीक पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार को तेज रफ्तार पिकप ने सामने से टक्कर मार दिया जिससे पीछे बैठे अयान छिटक कर डिवाइडर से जा टकराया जिससे वह गम्भीर घायल हो गया गाड़ी चला रहे राजू को भी चोटे आ गयी दोनों को नजदीकी अस्पताल नवजीवन ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। टक्कर मार कर भाग रहे पिकप की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दिया जिस पर पुलिस ने दौड़ा कर पिकप गाड़ी जो up 73 ३ 1936को पकड़ लिया और अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दिया।

## छात्र ने घर के पीछे स्थित कुएं में लगाई छलांग

**कौशाम्बी।** परिजनो की बात से नाराज होकर छात्र ने घर के पीछे स्थित कुएं में छलांग लगा दी।जब घर वालो को पता चला तो ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद छात्र को कुएं से बाहर निकाला गया,लेकिन तब तक छात्र की मौत हो चुकी थी,छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र मोगरी कड़ा गांव का शुभम सोनकर उम्र 16 वर्ष पुत्र संजय सोनकर ने बुधवार की शाम को करीब 6 बजे घर वालो से नाराज होकर घर के पीछे स्थित कुँए में छलांग लगा दिया।छलांग लगाने के बाद से घर वालो में चीख पुकार मच गई।सूचना पर पहुँची पुलिस ने फायर बिग्रेड टीम के साथ छात्र को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला तब तक छात्र की मौत हो चुकी थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है।

# उत्तर प्रदेश पुलिस को कलंकित करने वाले चौकी इंचार्ज को पुलिस में रहने का अधिकार नहीं

## रंगदारी न देने पर चौकी इंचार्ज शमशाबाद ने युवक को पीटा, भेजा जेल, एसपी से शिकायत

**कौशाम्बी।** शमशाबाद चौकी इंचार्ज ने जिस पर मारपीट का आरोप लगाया था उस युवक के परिवार वालों ने शमशाबाद चौकी इंचार्ज के आरोप को खारिज कर दिया है उन्होंने कहा कि हमराहियों के साथ चलने वाले चौकी इंचार्ज पिस्तौल लेकर चलते हैं और सशस्त्र पुलिस बल के साथ चलने वाले चौकी इंचार्ज पर निहत्थे आम जनता कैसे मारपीट कर सकती है पीड़ित परिवार ने बताया कि चौकी इंचार्ज अपनी चौकी क्षेत्र को छोड़कर के दूसरे क्षेत्र में भी रंगदारी की वसूली करते हैं और रंगदारी न देने पर पुलिस वर्दी को बदनाम कर मारपीट की झूठी कहानी गढ़ देते हैं पीड़ित परिवार का कहना है कि चौकी इंचार्ज ने पुलिस के साथ मारपीट की झूठी कहानी गढ़ के उत्तर प्रदेश पुलिस को कलंकित किया है और उत्तर प्रदेश पुलिस को कलंकित करने वाले चौकी इंचार्ज को पुलिस में रहने का अधिकार नहीं है उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहे प्रदेश में कानून व्यवस्था की कितनी बड़ाई कर लें पर सच्चाई सामने आ ही जाती है ऐसा ही एक मामला मंझनपुर कोतवाली के शमसाबाद चौकी इंचार्ज का है जहां पर रंगदारी न मिलने पर चौकी इंचार्ज की दबंगई सामने आई है चौकी इंचार्ज की दबंगई का आलम है कि उन्होंने मारपीट की झूठी कहानी गढ़ दी है चौकी इंचार्ज द्वारा पुष्पा देवी के पुत्र से जबरन पैसा मांगा गया और पैसा न देने पर उसको जमकर यातनाएं दी गई मारपीट के बाद गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखकर जेल भेज दिया चौकी इंचार्ज पर रंगदारी का गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी ब्रजेश श्रीवास्तव से पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है मामले में यदि निष्पक्ष जांच हुई तो चौकी इंचार्ज की साजिश का खुलासा होना तय है।

# आबकारी अफसर को मालूम नहीं! जिले में 25 हजार नशेड़ी पीते हैं गांजा

**अखंड भारत संदेश**

**गांजा के अवैध कारोबार पर रोक लगाने पर आबकारी अधिकारी ने खड़े कर दिए हाथ**




कौशाम्बी। बीते चार दशक से गांजे का अवैध कारोबार कौशांबी की धरती में दिनों दिन बढ़ता जा रहा है योगी सरकार और पुलिस अधिकारियों के बार-बार संगठित अपराध पर रोक लगाने के आदेश के बाद भी कौशांबी जिले में गांजे के अवैध कारोबार पर रोक लगती नहीं दिख रही है आबकारी अधिकारी भी गांजे के कारोबार में लगे लोगों की कमर तोड़ने को तैयार नहीं है उनका कहना है कि गांजे का कारोबार बंद होगा तो राजस्व का नुकसान होगा वह इस बात को स्वीकार करते हैं कि अन्य नशे की तुलना में गांजा का नशा सस्ता पड़ता है जिससे गरीब लोग गांजा पीकर अपनी नशे की आदत की पूर्ति करते हैं बेबाक तरीके से आबकारी अधिकारी का मानना है कि जिले में लगभग 25 हजार लोग प्रतिदिन गांजा पीते हैं लेकिन इन्हें गांजा कौन देता है तो उन्होंने बेबाक तरीके से कहा कि सब कुछ खुलेआम दिखाई पड़ रहा है । जिले में जिन्हें पहले भांग का ठेका दिया गया था बाद में उनके ठेके निरस्त हो गए हैं लेकिन इन बन्द ठेकों में भी गांजे की बिक्री बेखौफ तरीके से हो रही है आबकारी अधिकारी उनकी टीम पूर्व के भांग के ठेके में बिक रहे गांजे की बिक्री को नहीं रोक पा रहे हैं इसके अलावा भी कई दर्जन अन्य स्थानों पर बेखौफ तरीके से खुलेआम गांजे की बिक्री दुकान सजाकर हो रही है लेकिन उसके बाद आबकारी अधिकारी और उनकी टीम गांजे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में अपने को अक्षम असहाय महसूस कर रही है जिससे गांजे का व्यवसाय खुलेआम बेखौफ तरीके से कौशांबी की धरती पर तेजी से अपनी जड़े जमा चुका है गांजे के बदनाम धंधे से जुड़े लोग देखते-देखते मालामाल हो गए हैं अफसर के खास हो गए हैं और कार्यालय में दिखाई पड़ते हैं करोड़ों में खेलने वाले गांजा माफिया अक्सर आबकारी अधिकारी के कार्यालय में गुफ्तगू करते देखे जाते हैं गांजा माफियाओं से आबकारी अधिकारी और उनके टीम के क्या रिश्ते हैं यह बड़ी जांच का विषय है गांजा बिक्री की शिकायत के बाद आबकारी अधिकारी और निरीक्षक गांजा बिक्री को सिरे से खारिज कर माफियाओ को संरक्षण दे रहे हैं लेकिन शासन प्रशासन ने गांजा माफियाओं से आबकारी अधिकारी और उनकी टीम के रिश्ते की जांच नहीं कराई है गांजा माफियाओं को बेनकाब करने की जरूरत है छोटे-छोटे मामले में पुलिस गांजा बरामद की कार्यवाही कर रही है लेकिन बड़े कारोबारी पर पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग का चाबुक चलता नहीं दिख रहा है जिससे गांजे के अवैध कारोबार में लगे गाँजा माफियाओं के कारनामों पर रोक लगती नहीं दिख रही है लखनऊ की टीम कौशांबी में कई बार भारी तादात में गाँजा बरामद कर चुकी है जो आबकारी विभाग के अफसर और उनकी टीम के निष्ठा पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है जिले में तेजी से गांजा पीने के शौकीनों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है उससे बड़ी चिंता का विषय यह है कि आबकारी अधिकारी भी गांजा पीने वालों के आंकड़ों से बखूबी परिचित होने के बाद भी रोक लगाने को कतई तैयार नहीं है इलाके के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध तरीके से गांजे के कारोबार पर रोक लगाकर माफियाओं और आबकारी विभाग के रिश्ते को बेनकाब करने की मांग की है।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, शुक्रवार
31.05.2024



## संपादक की कलम से

### चढ़ते तापमान से धधकती धरती

आसमान से आग बरस रहा है और गर्मी के सभी रिकॉर्ड टूट रहे हैं। देश की राजधानी दिल्ली के मंगेशपुर इलाके में 52.90 डिग्री सेल्सियस तापमान का नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। अगर गर्मी इसी तरह बढ़ती रही तो यह रिकॉर्ड भी टूट सकता है। ऐसा इसलिए कि मौसम वैज्ञानिकों ने तापमान और अधिक बढ़ने के संकेत दिए हैं। गौर करें तो विगत दशकों से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बढ़ते तापमान के लिए मुख्यतः ग्लोबल वार्मिंग है और इससे निपटने की त्वरित कोशिश नहीं हुई तो आने वाले वर्षों में धरती का खौलते कुंड में परिवर्तित होना तय है। अमेरिकी वैज्ञानिकों का दावा है कि वैश्विक औसत तापमान पिछले सवा सौ सालों में अपने उच्चतम स्तर पर है। वैज्ञानिकों ने वायु में मौजूद ऑक्सीजन नाइट्रोजन के अनुपात पर एक शोध में पाया है कि बढ़ते तापमान के कारण वातावरण से ऑक्सीजन की मात्रा तेजी से कम हो रही है और पिछले आठ सालों में इसमें तेजी से कमी आई है। एक अन्य आंकड़ें के मुताबिक अब तक वायुमण्डल में 36 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड की वृद्धि हो चुकी है और वायुमण्डल से 24 लाख टन ऑक्सीजन समाप्त हो चुका है। अगर यह स्थिति बनी रही तो 2050 तक पृथ्वी के तापक्रम में लगभग 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होनी तय है।

वैज्ञानिकों की मानें तो पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है और उस पर काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस की हद पार कर सकता है। आज जब 50 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य सह नहीं पा रहा है तो 60 डिग्री सेल्सियस वह कैसे बर्दाश्त करेगा? नतीजा यह होगा कि सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेगी। कहीं सूखा पड़ेगा तो कहीं गरम हवाएं चलेंगी। कहीं भीषण तूफान होगा तो कहीं बाढ़ की विभिषिका से तबाही मचेगी। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि अगर धरती का बढ़ता तापमान रोकने की कोशिश नहीं हुई तो दुनिया भर में समुद्र का स्तर 50 से 130 सेंटीमीटर तक बढ़ जाएगा। उनके मुताबिक अगर पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होती है तो आर्कटिक के साथ-साथ अण्टार्कटिका के विशाल हिमखण्ड पिघल जाएंगे। देखा भी जा रहा है कि बढ़ते तापमान के कारण उत्तरी व दक्षिण ध्रुव की बर्फ चिंताजनक रुप से पिघल रही है। अगर बर्फ का पिघलना थमा नहीं तो आने वाले वर्षों में न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट में भी दावा किया गया है कि बढ़ते तापमान के कारण दुनिया भर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई अब आधे मीटर से भी कम रह गयी है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर भी तेजी से सिकुड़ रहा है।

अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो रहा है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो रही हैं। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर गहरा असर पड़ेगा। यहां ध्यान रखना होगा कि पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण भूमंडलीय तापन ही था। बढ़ते तापमान पर नियंत्रण के लिए भारत एवं वैश्विक समुदाय को कमर कसना होगा। पर्यावरणविदों की मानें तो बढ़ते तापमान के लिए मुख्यतः ग्रीन हाउस गैस, वनों की कटाई और जीवाश्म ईंधन का दहन है। तापमान में कमी तभी आएगी जब वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में कमी होगी।

आंकड़ों पर गौर करें तो 2000 से 2010 तक वैश्विक कार्बन उत्सर्जन की दर प्रतिवर्ष 3 फीसद रही जबकि भारत के कार्बन उत्सर्जन में यह वृद्धि 5 फीसद रही। कार्बन उत्सर्जन के लिए सर्वाधिक रुप से कोयला जिम्मेदार है। हालांकि ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट की रिपोर्ट पर गौर करें तो अमेरिका और चीन ने कोयले पर अपनी निर्भरता काफी कम कर दी है। इसके स्थान पर वह तेल और गैस का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन भारत की बात करें तो उसकी कुल आबादी का एक बड़ा हिस्सा आज भी कोयले पर निर्भर है।

अच्छी बात है कि भारत ने गत वर्ष पहले पेरिस जलवायु समझौते को अंगीकार करने के बाद क्योटो प्रोटाकाल के दूसरे लक्ष्य को अंगीकार करने की मंजूरी दे दी है। इसके तहत देशों को 1990 की तुलना में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को 18 फीसद तक घटाना होगा। भारत के इस कदम से अन्य देश भी इसे अंगीकार करने के लिए आगे आएंगे। उल्लेखनीय है कि उद्योगों से निकलने वाली ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए 11 दिसंबर, 1997 को जापान के क्योटो शहर में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में 192 देशों के बीच यह संधि हुई। 16 फरवरी, 2005 को यह प्रभावी हुई। विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों को लक्ष्य पूरा करने के लिए आर्थिक और तकनीकी मदद उपलब्ध कराना भी इसका हिस्सा है। गौरतलब है कि संधि का पहला लक्ष्य 2008-12 के लिए तय हुआ था। इसमें औद्योगिक अर्थव्यवस्था वाले 52 देशों ने चार ग्रीन हाउस गैसों (कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर हेक्साफ्लोराइड) का उत्सर्जन 1990 की तुलना में 5 फीसद तक घटाने का लक्ष्य रखा था। अन्य देशों ने भी इसके लिए अपने-अपने लक्ष्य रखे थे। गौर करें तो पेरिस जलवायु समझौते पर भी भारत ने दुनिया को राह दिखायी है। उल्लेखनीय है कि 2020 से कार्बन उत्सर्जन को घटाने संबंधित प्रयास शुरू करने के लिए दिसंबर, 2015 को यह संधि हुई। इस संधि पर 192 देशों ने हस्ताक्षर किए। 126 देश इसे अंगीकार कर चुके हैं। भारत ने 2 अक्टुबर, 2016 को इसे अंगीकार करके अन्य देशों को भी अंगीकार करने की राह दिखायी। फिर कुछ अन्य देशों द्वारा इसे अंगीकार किए जाने पर 4 नवंबर, 2016 को यह प्रभावी हुआ। इसके तहत बढ़ते वैश्विक औसत तापमान को दो डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने का लक्ष्य तय है। पृथ्वी के तापमान को स्थिर रखने और कार्बन उत्सर्जन के प्रभाव को कम करने के लिए कंक्रीट के जंगल का विस्तार और अंधाधुंध पर्यावरण दोहन पर लगाम कसना होगा। जंगल और वृक्षों का दायरा बढ़ाना होगा। पेड़ और हरियाली ही धरती पर जीवन के मूलाधार हैं। वनों को धरती का फेफड़ा कहा जाता है।

## निकोटीन से ज्यादा घातक हो सकते हैं उसके विकल्प: एफडीए

इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट और वेप को सिगरेट के विकल्प के तौर पर दुनिया के कई देशों में बेचा जा रहा है. लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि सिगरेट के निकोटीन के विकल्प के रूप में इन वेप्स में जो केमिकल इस्तेमाल होते हैं वे स्वास्थ्य के लिए कहीं ज्यादा घातक हो सकते हैं और उनकी लत लगने का खतरा सिगरेट से भी ज्यादा है।

अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा है कि हालांकि इस बारे में आंकड़े अभी अधूरे हैं लेकिन 6-मिथाइल जैसे रसायन निकोटीन से ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। वेप्स या इलेक्ट्रॉनिक सिगरेटों में वैसे केमिकल प्रयोग किए जाते हैं जिनका रासायनिक ढांचा निकोटीन से मिलता-जुलता है. अमेरिका और यूरोप के कई देशों में ये केमिकल उन नियम-कानूनों के दायरे में नहीं आते, जिनके जरिए तंबाकू या निकोटीन को नियंत्रित किया जा रहा है। इसका मतलब है कि उत्पादक सिंथेटिक निकोटीन जैसे कि 6-मिथाइल को अमेरिका व अन्य देशों में बेच सकते हैं और इसके लिए उन्हें एफडीए आदि से इजाजत भी नहीं लेनी पड़ती. इजाजत लेने की प्रक्रिया बेहद सख्त और लंबी होती है और अक्सर इजाजत नहीं मिल पाती।

**सिगरेट कंपनियां परेशान**

वेपिंग दुनियाभर में तेजी से बढ़ रही है. बड़ी तंबाकू कंपनियां जैसे आल्ट्रिया ग्रुप और ब्रिटिश अमेरिकन टबैको आदि को वेपिंग के कारण भारी नुकसान हुआ है. बहुत से देशों में तो निकोटीन वाले वेप्स अवैध रूप से बिक रहे हैं, जिसके कारण पारंपरिक तंबाकू और सिगरेट की बिक्री घट रही है। मार्लबरो सिगरेट बनाने वाली कंपनी आल्ट्रिया ने एफडीए को एक पत्र लिखा है जिसमें 6-मिथाइल निकोटीन और धूम्रपान के अन्य वैकल्पिक उत्पादों की वृद्धि के बारे चेताया गया है. इस पत्र को कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर भी प्रकाशित किया है। पत्र में कंपनी ने कहा है कि ये रसायन नियम आधारित व्यवस्था के लिए "नया खतराह्व हैं. कंपनी ने कहा, "निकोटीन जैसा असर करने वाले रसायनों के इस्तेमाल और वृद्धि पर अगर कोई नियंत्रण नहीं होगा तो इससे अमेरिकी उपभोक्ताओं को खतरा होगा और एफडीए के अधिकारों की भी अवमानना होगी।

# नशे में तबाह होती जिन्दगियों को बचाना होगा

**- ललित गर्ग -**

बेशक 31 मई 2022 को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू की आदी हो चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है।

सरकार की नीतियां भी दोगली है। लेकिन तेलंगाना सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, वह सुखद है। ऐसे गुटखों या पान मसालों के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है। हालांकि, अभी यह पाबंदी एक वर्ष के लिए है, शायद आगे इसकी समीक्षा होगी और उसके बाद राज्य सरकार स्थायी प्रतिबंध का फैसला करेगी। ऐसे निर्णय केन्द्र सरकार एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों को भी लेने चाहिए। क्योंकि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे आदर्श हो सकता है? कैसे स्वस्थ हो सकता है? कैसे प्रगतिशील हो सकता है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में, तेलंगाना में लगा प्रतिबंध कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात है। तेलंगाना अगर अपनी सीमा में प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करे, तो उसके पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को भी सहयोग के लिए खड़ा होना पड़ेगा। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया।

आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। हर साल लाखों लोग नशे के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे हैं। नशा आज एक फैशन बन चुका है। पूरे विश्व के लोगों को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिये तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिये तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाले सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। शराबबन्दी का नारा देती है, नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए?

भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से



भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है।

नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण हम एक स्वस्थ नहीं, बल्कि बीमार राष्ट्र एवं समाज का ही निर्माण कर रहे हैं। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ये प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। नशे की ओर बढ़ रही युवापीढ़ी बौद्धिक रूप से दरिद्र बन जाएगी।

गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू सेवन कई सारी बीमारियों का कारण बनता है जैसे दीर्घकालिक अवरोधक फेफड़ों संबंधी बीमारी (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर, हृदयघात, स्ट्रोक, स्थायी दिल की बीमारी, वातस्फीति, विभिन्न प्रकार के कैंसर आदि।

तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति ये तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। डब्ल्यूएचओ के अनुसार धूम्रपान की लत से हर साल लगभग 60 लाख लोग मारे जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मौतें कम तथा मध्यम आय वाले देशों में हो रही हैं। दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं। इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है।

लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किये गये नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। स्कूलों के बाहर नशीले पदार्थों की धडल्ले से बिक्री होती है, किशोर पीढ़ी धुए में अपनी जिन्दगी तबाह कर रही है। हजारों-लाखों लोग अपने लाभ के लिए नशे के व्यापार में लगे हुए हैं और राष्ट्र के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। चमड़े के फीते के लिए भैंस मारने जैसा अपराध कर रहे हैं। बढ़ती तम्बाकू प्रचलन की समस्या विश्व की दूसरी समस्याओं में सबसे देरी से जुड़कर सबसे भयंकर रूप से मुखर हुई है। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है। अगर आंकड़ों को सम्मुख रखकर विश्व मानचित्र (ग्लोब) को देखें, तो हमें सारा ग्लोब नशे में झूमता दिखाई देगा।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

## ध्यान की राजनीति या राजनीति का ध्यान

**- सर्वमित्रा सुरजन**

कन्याकुमारी में समुद्र की उस चट्टान को देखने से पहले स्वामी विवेकानंद ने कम से कम पांच साल तक भारत दर्शन किया था। इस दौरान स्वामीजी ने भारत की विविध धार्मिक परंपराओं, सामाजिक रीति-रिवाजों, शिक्षा प्रणाली आदि को करीब से देखा और समझा, इसके साथ-साथ लोगों की पीड़ा, गरीबी और उसके कारणों पर विचार किया। इसके बाद भारत के उत्थान के बारे में विचार किया।

खबर आई है कि आम चुनावों के आखिरी चरण के लिए प्रचार खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी कन्याकुमारी में विवेकानंद स्मारक जाकर ध्यान में लीन होने वाले हैं। 30 मई को पंजाब में प्रचार करने के बाद वे सीधा तमिलनाडु जाएंगे। 31 मई से 1 जून तक श्री मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में बने ध्यान मंडपम में करीब 24 घंटों का ध्यान लगाएंगे। 132 साल पहले 1892 में स्वामी विवेकानंद ने समुद्र में जब यह शिला देखी थी, तो उससे प्रभावित हुए थे, वे तैर कर इस शिला पर पहुंचे और फिर 25, 26, 27 दिसंबर तीन दिनों तक यहां ध्यान लगाया था। कहा जाता है कि यहीं उन्हें भारत माता की दिव्य अवधारणा की अनुभूति हुई थी। पाठकों को पता ही होगा, स्वामी विवेकानंद का मूल नाम नरेन्द्र था, विवेकानंद नाम उन्हें आध्यात्म के रास्ते पर चलने के बाद मिला। अब यह तो परमात्मा ही जानें, या फिर खुद को परमात्मा का अंश बताने वाले नरेन्द्र मोदी जानें कि आगे जाकर वे अपने लिए कौन सा नाम चाहते हैं या फिर नरेन्द्र होकर ही उन्होंने वह सिद्धि हासिल कर ली है, जिसके लिए अनेक लोगों ने बरसों की तपस्या की है।

गौरतलब है कि नरेन्द्र मोदी इससे पहले 2019 में केदारनाथ की रुद्र गुफा में इसी तरह आखिरी चरण के मतदान के वक्त ध्यान करने पहुंचे थे। गेरुआ वस्त्र और आंखों पर लगा चश्मा, लेकिन बंद आंखों से कैमरे की उपस्थिति में किस तरह ध्यान लगाया, इसका रहस्य जानने को अब भी देश उत्सुक है। 2014 में भी श्री मोदी चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद शिवाजी के प्रतापगढ़ किले पहुंचे थे, जहां अफजल खान को शिवाजी ने बघनखा से मारा था। हालांकि इस जगह उन्होंने ध्यान तो शायद नहीं लगाया होगा, या फिर वे खुद को इतना सिद्ध मानते हैं कि वे उस जगह पर भी ध्यान लगा सकते हैं, जहां किसी की हत्या की गई हो। बहरहाल, 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी कोलकाता के बेलूर मठ गए थे और उसी कमरे में कुछ देर ध्यान उन्होंने लगाया था, जहां स्वामी विवेकानंद ध्यान लगाया करते थे।

ध्यान की राजनीति या राजनीति का ध्यान, कुछ भी कहें, प्रधानमंत्री इस खेल के पुराने खिलाड़ी लगते हैं। इसलिए उनसे कुछ सवाल हैं। मसलन, इस बार ध्यान करने के लिए उन्होंने विवेकानंद स्मारक की क्यों चुना। क्या राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत यहीं से की थी, और वे भी विवेकानंद मेमोरियल गए थे, इस वजह से श्री मोदी वहां पहुंच रहे हैं। भाजपा के एक नेता का दावा है कि यहां आकर श्री मोदी राष्ट्रीय एकता का संदेश देना चाहते हैं, क्योंकि यहां पूर्वी और पश्चिमी तट रेखाएं मिलती हैं।

लेकिन भौगोलिक एकता तो भारत में बनी ही हुई है, असल मसला तो भावनात्मक एकता का है। क्या श्री मोदी अपने ध्यान से इस एकता को मजबूत करने में कोई मदद कर सकते हैं। सवाल तो यह भी है कि नरेन्द्र मोदी पिछले तीन महीनों से लगातार चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, उससे पहले पांच साल अलग-अलग विधानसभा चुनावों, नगरीय निकायों और पंचायत चुनावों में व्यस्त रहे, और इस दौरान वक्त मिलने पर कभी विदेश यात्रा पर जाना पड़ा, कभी ट्रेनों को हरी झंडी दिखानी पड़ी और कभी नौकरी के नियुक्ति पत्र बांटने पड़े, तो अब उन्हें थोड़ी फुर्सत मिली, तो क्या बेहतर नहीं होता कि वे प्रधानमंत्री कार्यालय में थोड़ा वक्त गुजार लेते। 24 घंटे अपने कार्यालय में ही ध्यान कर लेते तो कुछ नहीं बिगड़ता। बल्कि तमिलनाडु तक जाने का खर्च बचता, और आम लोगों को भी तकलीफ नहीं होती, जिनके लिए श्री मोदी की यात्रा के दौरान विवेकानंद स्मारक बंद किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय में श्री मोदी ध्यान करने बैठते तो शायद उन्हें देश की दशा और दिशा का ध्यान भी हो जाता। नरेन्द्र मोदी चाहते तो दिल्ली के आस-पास मथुरा-वृंदावन में ही ध्यान कर लेते। सारनाथ या बोधगया भी जा सकते थे या गुजरात में भी ध्यान के स्थलों की कमी नहीं है। लेकिन उनके मन में शायद यह बात आई हो कि अब मैंने खुद को परमात्मा का अंश बता दिया है तो विपक्ष के नेताओं या अपनी पार्टी या संघ में भी ऐसा कोई नहीं है, जिससे मैं होड़ कर सकूं, विश्वगुरु हूं तो दुनिया का भी कोई नेता मेरे मुकाबिल नहीं ठहरता, गांधी-नेहरू-पटेल-भगत सिंह से भी कोई वास्ता नहीं, तो फिर क्यों न सीधे स्वामी विवेकानंद से ही होड़ करूं।

## गांधी को तुम नहीं, सब जानते हैं

**@ राकेश अचल**

आप न हंस सकते हैं और न रो सकते हैं, क्योंकि आपके र्प्धानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने महात्मा गांधी को लेकर अपने साक्षात्कार में जो कुछ कहा है उसे सुनकर सिर्फ माथा पीटा जा सकता है। हिंदुस्तान का दुर्भाग्य है या सौभाग्य राम ही जाने। लेकिन उसे ऐसा पहला प्रधानमंत्री मिला है जिसकी जुबान का कोई खड़ा नहीं। वो कभी भी, कहीं भी, कुछ भी कह सकता है। बोल सकता है और बेशर्मी के साथ सीना ठोंककर बोल सकता है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का मै शुरू से मुरीद रहा हूँ। वे भले ही पंडित जवाहर लाल नेहरू की तरह ' डिस्कवरी आफ इंडिया ' नहीं लिख सकते। वे भले ही तेरह साल जेल नहीं रहे। भले ही उनकी बेटी और पौत्र देश के लिए शहीद नहीं हुए लेकिन उन्होंने चाय बेचीं है। उन्होंने गरीबी देखी है। उन्होने अपनी पत्नी को त्याग कर सन्यासी बनने की भी कोशिश की है। उन्होंने अपने अभिनय के बल पर भाजपा को सत्ता के शिखर पर पहुंचाया है। उन्होंने अपनी मिथ्यावाणी से देश में अपने अंधभक्तों की फौज खड़ी की है। उन्होंने स्वयं को अविनाशी घोषित किया है। उन्होंने अपने जैविक इंसान होने का भी खंडन किया है। लेकिन अब वे बौरा गए हैं। कभी-कभी लगता है कि वे 'सन्निपात' में हैं और जो मुंह में आ रहा है सो बोले जा रहे हैं।

जैसा कि मैंने पहले ही कहा कि मै मोदी जी का हर भाषण सुनता हूँ। चाहे वो संसद में हो या सड़क पर। उनका हर साक्षात्कार सुनता हूँ, फिर चाहे वो उनके घर पर हो, स्टूडियो में हो या क्रूज पर हो। उन्हें सुनना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है। जो उन्हें अनसुना करता है, वो गलती करता है। मैंने उनका ताजा साक्षात्कार भी सुना जिसमें उन्होंने कहा कि महात्मा गाँधी को 'गांधी' फिल्म बनने से पहले देश के बाहर जानता ही कौन था ? ये उनकी विद्वता का ताजा उदहारण है। माना कि महात्मा गाँधी ने मोदी जी की तरह सरकारी खर्च पर दुनिया नहीं घूमी लेकिन वे बिना दुनिया घूमे ही पूरी दुनिया में जितने प्रतिष्ठित हैं उसके लिए किसी मोदी के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है।

महाज्ञानी और महाअभिमानी मोदी शायद नहीं जानते कि भारत देश कलिकाल में गांधी के भारत के रूप में ही जाना जाता है। इसका प्रमाण ये है कि वे जिस महाबली अमेरिका के चक्कर में फंसे हैं वहां भी उन्हें महात्मा गाँधी की आदमकद प्रतिमाओं के समक्ष नतमस्तक होना पड़ता है। महात्मा गाँधी कभी अमेरिका नहीं गए, लेकिन अमेरिका के 22 शहरों में वे अपनी लकुटिया लिए जहां-तहाँ खड़े नजर आ जायेंगे। महात्मा की ये आदमकद प्रतिमाएं 2014 के बाद नहीं लगीं बल्कि बहुत पहले लगायी जा चुकी हैं। इन प्रतिमाओं को कांग्रेस ने नहीं बल्कि अमरीकी कांग्रेस और अमरीकी संस्थाओं ने लगाया है। अमेरिका में गांधी ने बिना जाये अपने विचारों से मार्टिन लूथर किंग जूनियर को तैयार किया। मार्टिन लूथर किंग को अमेरिका का गांधी यूं ही नहीं कहा जाता। अमेरिका के अटलांटा शहर में मार्टिन लूथर किंग जूनियर के स्मारक



के बाहर ही महात्मा गाँधी की आदमकद प्रतिमा लगी है। मै वहां अनेक बार गया हूँ।

दुनिया में बहुत कम लोग ऐसे हैं जो अपने देश के लिए लड़ते हुए मर गए और जीते जी किंवदंती बन गए। महात्मा गाँधी उनमें से एक हैं। महात्मा गाँधी दक्षिण अफ्रिका और इंग्लैंड के अलावा शायद मोदी जी की तरह पूरी दुनिया नहीं घूमें, लेकिन दुनिया के हर देश में वे मौजूद है। अपने सत्य और अहिंसा के सन्देश के साथ। उनके पास मोदी जी की तरह असत्य और झूठ की लाठी नहीं है। वे अविनाशी भी नहीं थे। उन्होंने कभी खुद को अवतार घोषित नहीं किया था। उनके जैविक माता-पिता थे। पत्नी -बच्चे थे। वे पढ़ने -लखने अपने माँ-बाप के पैसे से इंग्लैण्ड गए थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में बाकायदा वकालत की, सामाजिक आंदोलन किये। फीनिक्स में उनका आश्रम भी है। उन्हें मोदी जी के ही पूर्वजों ने गोली से मारा, लेकिन वे फिर भी नहीं मरे। गाँधी को जिंदा रखने के लिए किसी कांग्रेस की जरूरत नहीं पड़ी और न शायद भविष्य में पड़ेगी। गांधी को जिंदा रखने के लिए भाजपा जैसी अदावत की राजनीति करने वाले दल की भी जरूरत नहीं है। हालांकि कांग्रेस ने आजादी के बाद देश में सबसे ज्यादा संस्थान महात्मा गाँधी के नाम से खोले। महात्मा गाँधी के नाम से मोदी जी की नाक के नीचे दिल्ली में गांधी शांति प्रतिष्ठान है। मोदी जी चीन के राष्ट्रपति जिन शी जिन पिंग को साबरमती के आश्रम में झूला झूला रहे थे, वो आश्रम भी महात्मा गाँधी का ही है । वहां आधुनिकता के नाम पर बुलडोजर चलवाने वाले भी मोदी जी ही हैं। महात्मा गाँधी कोई गुरु गोलवलकर नहीं हैं जिन्हें केवल नागपुर की शाखाओं में दीक्षित लोगों तक सीमित हों। गांधी सचमुच के गाँधी हैं और इस देश में चाहे जिस दल या विचारधारा के राजनीतिक दलों की सत्ता आए वो गांधी को खारिज नहीं कर सकता। उन्हें गुमनाम नहीं कह सकता। उन्हें नेल्शन मंडेला से कम लोकप्रिय नहीं बता सकता। और जो ऐसा करता है वो वज्र अज्ञानी है। उसे पुन : ज्ञानार्जन के लिए प्राथमिक स्कूल में दाखिला ले लेना चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री जी ने महात्मा गाँधी के बारे में अपने अज्ञान का मुजाहिरा [आप मुजरा भी कह सकते हैं ] कर न सिर्फ देश की अस्मिता को आघात पहुंचाया है बल्कि देश की प्रतिष्ठा को भी कम किया है। गांधी यदि हस्ती न होते तो किसी अंग्रेज को 'गांधी' फिल्म बनाने की जरूरत न पड़ती। किसी को महात्मा गाँधी के साहित्य, विचारों पर पीठें स्थापित न करना पड़तीं। शोध न करने पड़ते। गाँधी आज दुनिया की तमाम प्रमुख भाषाओँ में अनुदूतित विचारक हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में यदि रत्ती भर भी शर्म हो तो उसे आपने इस महान स्वयं सेवक के शाखाओं में दिए गए तमाम प्रशिक्षण प्रमाण-पत्रों को वापस लेकर उन्हें या तो दोबारा दीक्षित करना चाहिए या संघ से निष्काषित कर देना चाहिये। भाजपा के मार्गदर्शक मंडल को भी कमोवेश ऐसा ही करना चाहिए। आखिर भाजपा और संघ कब तक माननीय की धृष्टताओं पर पर्दा डालते रहेंगे ?

माननीय प्रधानमंत्री जी जब तक पद पर हैं तब तक उनका और उनकी कुर्सी का सम्मान करना हर भारतीय के लिए एक विवशता है, लेकिन जिस दिन भी वे इस पद से हटेंगे तब इतिहास उन्हें और उनके कार्यकाल को कूड़ेदान में डाल देगा। वे न नेहरू बन पाएंगे और न इंदिरा गाँधी। वे न अटल बिहारी जैसा मान पा सकेंगे और न देश उन्हें चौधरी चरण सिंह की तरह एक किसान नेता के रूप में याद करेगा। वे डॉ मन मोहन सिंह की तरह अर्थशास्त्री तो कभी कहला ही नहीं सकेंगे। उन्हें देश किस रूप में याद करेगा, ये तय करना आसान नहीं है। उन्हें न शेख चिल्ली कहा जा सकता है और न मुंगेरी लाल। उन्हें ये दोनों उपाधियाँ देना इन दो बड़े किरदारों का भी अपमान होगा।

बहरहाल आज में माननीय मोदी जी के प्रति अत्यंत संवेदनाओं से भरा हुआ हूँ। मै भगवान से प्रार्थना करूंगा कि वो उन्हें सद्बुध्दि प्रदान करे ताकि वे अपने दल की लम्बे समय तक सेवा कर सकें। देश की सेवा करना तो अब उनके बूते की बात ही नहीं रही। मोदी जी अपने अज्ञान के लिए निंदा, आलोचना क्रोध के नहीं दया के पात्र है। आइये हम सब उनके प्रति दयाभाव प्रकट कर उन्हें क्षमा कर दें, क्योंकि मोदी जी खुद नहीं जानते कि उन्होंने कितना बड़ा और जघन्य अपराध देश और महात्मा गाँधी के प्रति किया है। मोदी जी को ध्यान रखना चाहिए की वे उस काशी कि सांसद भी हैं जिसकी अपनी ज्ञान परम्परा है। काशी से अब तक सामन्य ज्ञान में इतना कमजोर संसद कभी नहीं चुना गया।

# चार जून की मतगणना को डीएम ने दिया प्रशिक्षण

## मतगणना कार्य होता है संवेदनशील

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव को सकुशल व पारदर्शी, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर मतगणना कार्य में लगे मतगणना कर्मियों को ऑडिटोरियम हाल में प्रशिक्षण दिया गया।

गुरुवार को जिला मुख्यालय के आडिटोरियम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्य में लगे कर्मियों से कहा कि मतगणना कार्य निष्पक्ष, पारदर्शी व त्रुटिहीन संपन्न कराया जाएगा। चार जून को सवेरे आठ बजे से राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा की मतगणना होगी। प्रशिक्षण में चक्रवार गणना में भरे जाने वाले प्रपत्र, मत पत्रलेखा, 17सी का मिलान, एड्रेस टैग, ईवीएम मशीन की टोटल बटन से मिलान आदि बाबत विस्तृत प्रशिक्षण दिया। मतगणना स्थल पर दोनों विधानसभाओं के लिए मतगणना को 14-14 टेबल लगाई गई हैं। जो भारत निर्वाचन आयोग से मतगणना कराने की गाइडलाइन दी गई है, उसी के अनुसार मतगणना कार्य किया जायेगा। सभी लोग अच्छे ढंग से मतगणना कराने बाबत प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, ताकि मतगणना के दिन कोई समस्या न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना का कार्य बहुत ही संवेदनशील होता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाये। भली-भांति प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों व दायित्वों की जिम्मेदारी निभायें। सभी लोग निष्ठा पूर्वक मतगणना के कार्य सकुशल संपन्न करायेंगे। मतगणना कर्मियों से कहा कि मतगणना के दिन सभी लोग सवेरे छह बजे अपनी हाजिरी दर्ज करायेंगे। मास्टर ट्रेनरों ने मतगणना कर्मियों को विधिवत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण दौरान डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीएसए लव प्रकाश यादव समेत संबंधित अधिकारी व मतगणना कर्मी मौजूद रहे।



मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देते डीएम-सीडीओ।

## समाज को आइना दिखायें पत्रकारः सत्यप्रकाश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट प्रेस क्लब ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर जिला मुख्यालय में हुई गोष्ठी की अध्यक्षता चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने की। उन्होंने कहा कि हर साल 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष दिवस के 198 वर्ष पूरे हो चुके हैं। 30 मई 1826 को हिन्दी का पहला अखबार उदन्त मार्तंड का प्रकाशन कोलकाता से शुरू हुआ था। इसके सम्पादक कानपुर के अधिवक्ता पं जुगुल किशोर शुक्ल थे।



प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी।

गुरुवार को हुई गोष्ठी में द्विवेदी ने कहा कि उदन्त मार्तंड को उस समय के क्रान्तिकारी अखबारों के रूप में गिना जाता था। ये साप्ताहिक अखबार हर मंगलवार को आता था। हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। सभी पत्रकारों को पूर्व में पत्रकारों के किये संघर्ष को याद रखना चाहिए। समाज को आइना दिखाने का काम पत्रकारों का है। बिना किसी पक्षपात के जनहित व समाज हित में समाचारों का संकलन व प्रकाशन करना चाहिए। इस मौके पर तमाम वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

## जेल में बन्द चार के मामले समाप्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जेल में विचाराधीन बंदियों के हितार्थ 27, 28 व 29 मई को विशेष लोक अदालत जिला कारागार में लगाई। गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में जिला कारागार में हुई विशेष लोक अदालत बाबत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि छोटे-छोटे मामलों में जेल में बंद तमाम विचाराधीन बंदी जुर्म स्वीकार करना चाहते हैं। ऐसे बंदियों को विशेष लोक अदालत 27, 28 व 29 मई को लगाई थी। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक व सिविल जज सीडि सचिन कुमार दीक्षित के विशेष प्रयास से चार विचाराधीन बंदियों ने जुर्म स्वीकार कर लिया। उनके मुकदमों का निस्तारण किया।

# किराये पर उठा सरकारी टैंकर

## प्रधान की मनमानी, ग्रामीणों में पेयजल को हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के अमचुर नेरूआ गांव में पेयजल की भीषण समस्या है। ग्रामीणों को पानी देने की बजाय प्रधान भाड़े पर टैंकर चला रही है। कागजों मे प्रतिदिन दो-तीन टैंकर चल रहे हैं।

गुरुवार को मानिकपुर ब्लाक के अमचुर नेरुआ गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। बताया गया कि पानी आपूर्ति के नाम पर अमचूर नेरुआ गांव प्रधान भारी धांधली पर उतारू है। पेयजल की भारी किल्लत के बाद भी प्रधान महीनों से खराब हैंडपंप की मरम्मत नहीं करा रही। प्रधान की मिलीभगत से सरकारी हैंडपम्प अवैध कब्जा है। खुद के इस्तेमाल को हैण्डपम्प में समर्सिबल डाल दिया है। कागजों मे ग्रामीणों को खूब पानी पिलाया जा रहा है। हकीकत मे ग्रामीणों में पेयजल को हाहाकार है। प्रधान ने पहले भी सरकारी टैंकर को व्यावसायिक रूप दे चुकी है। जिम्मेदारों ने प्रधान पर कोई कार्यवाही नहीं की। बराहमाफी के पास हो रहे निर्माण कार्य ठेकेदार को किराये पर एक हफ्ते से टैंकर दिया गया है। बीडीओ मानिकपुर ने बताया कि प्रधान के टैंकर देने की जांच की जा रही है। जांच में सत्यता मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।



किराये पर दिया सरकारी टैंकर।

## मृत पत्नी की धनराशि देने में बैंक कर रहा आनाकानी

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के शत्रुघ्नपुरी अम्बेडकर नगर पासी तिराहा के रामलाल ने अग्रणी जिला प्रबंधक को लिखे पत्र में कहा कि उसकी पत्नी श्रीमती बृजरानी देवी का इंडियन बैंक तरौंहा शाखा में बचत खाता है। इसमें 6970 रुपये जमा हैं। पत्नी बृजरानी का 24 फरवरी को निधन हो गया है। बैंक में सम्पर्क किया तो रुपये निकालने को रिश्वत मांगी। दो माह पहले मृतका के दस्तावेज पेश करने के बाद भी रुपये नहीं निकाले। उसका एक बालक दिव्यांग है। बेटी बीमार रहती है। पीडित ने खाते की धनराशि जल्द भुगतान करने की मांग की है।

# तीर्थक्षेत्र में ठगों का गिरोह सक्रिय, पुलिस मस्त, श्रद्धालु पस्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं से ठगी को सिंडिकेट चल रहा है। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं की जेबों में डाका डाला जा रहा है। कई दलाल जिले में गाइड बनकर श्रद्धालुओं को ठग रहे हैं।

तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं से ठगी का खुलासा गुरुवार को हुआ। बताया गया कि ठगी के कारोबार में कई धर्मशाला व होटल भी शामिल हैं। नाविक व ऑटो चालकों की मिलीभगत से श्रद्धालुओं से हजारों रुपए की ठगी हो रही है। दलालों से श्रद्धालु को ऑटो से चारोधाम घुमाने का एक हजार रुपये लिया जा रहा है। नाव में घूमने का एक श्रद्धालु को हजार रुपये से ज्यादा देने पड़ रहे हैं। धर्मशालाओं के कर्मचारी व होटल संचालकों के मैनेजर की मिलीभगत से ये सिंडिकेट खूब फलफूल रहा है। गुजरात व दक्षिण भारत से आने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि ऑटो चालकों को सौ-दो सौ रुपये दिये जाते हैं, जबकि दलाल 600 से लेकर 800 रुपये प्रति सवारी ले रहा है। तीर्थक्षेत्र में नाव व चारोधाम आदि धार्मिक स्थलों में घुमाने के कोई दर सूची कहीं चस्पा नहीं है। इसका ठगों के गिरोह के लोग जमकर लाभ उठा रहे हैं। प्रमुख चैराहों व बस स्टैण्ड तथा रेलवे स्टेशन में धार्मिक स्थलों के भ्रमण की किराया सूची न होने से प्रतिदिन श्रद्धालुओं के साथ ठगी हो रही है। चारोधाम के नाम पर केवल रामघाट घुमाकर छोड दिया जाता है। उप्र क्षेत्र के रामायण मेला क्षेत्र व सीतापुर के आधा दर्जन होटल व धर्मशालाओं समेत प्रमुख स्थान दलाली व ठगी के अड्डे बने हैं। देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही है। तीर्थक्षेत्र की साख पर बट्टा लगाया जा रहा है। चित्रकूट के उप्र क्षेत्र में सर्वाधिक ठगी वाले दलाल सक्रिय हैं। अब मप्र क्षेत्र में भी ठगो व दलालों की भरमार हो गई है।

## घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को हुई 12 वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार व पैरोकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह की पैरवी से न्यायालय ने घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 12 वर्ष की सजा व 14 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। गुरुवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला व विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट श्रीमती रेनू मिश्रा ने मारकुण्डी थाने में दर्ज घर में घुसकर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी बुल्ली उर्फ ओमदत्त यादव पुत्र श्यामलाल यादव निवासी डोडामाफी 12 वर्ष की सजा व 14 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि 19 सितम्बर 2018 को वादी ने मारकुण्डी थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि बुल्ली उर्फ ओमदत्त यादव ने घर में घुसकर नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म किया है। पुलिस ने मामला दर्जकर पॉक्सो एक्ट की धारा बढाई। विवेचना पूर्व थानाध्यक्ष मारकुण्डी रामेन्द्र तिवारी ने कर 20 सितम्बर 2018 को आरोपी को गिरफ्तार किया। 27 नवम्बर 2018 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## महिला थाना पुलिस ने दम्पति में कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में महिला थाना ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

गुरुवार को रैपुरा थाने की श्रीमती आराधना देवी पुत्री रमाशंकर ने पति राकेश पुत्र सुरिजपाल अग्रहरि मुलायम नगर कोतवाली कर्वी के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज बाबत प्रार्थना पत्र महिला थाने में दिया था। थानाध्यक्ष ने शिकायतकर्ता की शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को थाने बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में थानाध्यक्ष महिला श्रीमती सविता सरोज, महिला सिपाही शिल्पा रंजन व दीपिका सिंह शामिल रहीं।



सुलह कराती पुलिस।

## सुलह से छह वर्ष पुराना विवाद खत्म

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में मध्यस्थता केन्द्र में सिविल अपील सुलह-समझौते पर निस्तारित हुई। गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि न्यायालय जिला जज के यहां 30 अप्रैल को रामचन्द्र आदि बनाम गंगा प्रसाद के मामले में सिविल अपील की गयी थी। छह वर्ष पुराने विवाद में सुलह को जिला जज विकास कुमार प्रथम ने मध्यस्थता केन्द्र को संदर्भित किया था। मध्यस्थ अधिवक्ता मुन्नालाल चैबे ने प्रयास कर दोनों पक्षों को सुलह को सहमति बनाई। गुरूवार को दोनों पक्षों ने सुलहनामा दाखिल किया। विवाद समाप्त करा दिया गया।

## बिना पंजीकरण के न जायें चारोधामः एडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिला मजिस्ट्रेट उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि उत्तराखण्ड सरकार ने तीर्थयात्रियों के लिए चारधाम यात्रा को अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की है। ये आवश्यक है कि चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु पंजीकरण कराने के बाद ही वहां जायें। बिना पंजीकरण के यात्रा पर तीर्थ यात्रियों को असुविधा हो सकती है। गुरुवार को उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा को उत्तराखण्ड जाने को अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था की गई है। हर श्रद्धालु/तीर्थयात्री/पर्यटक जो चारधाम गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ व केदारनाथ की यात्रा करना चाहते हैं, वे अपना पंजीकरण करायें। जिन यात्रियों ने पंजीकरण नहीं कराया, ऐसे श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा न करने की सलाह दी जाती है। निर्धारित चेक प्वाइंट पर ऐसे श्रद्धालु रोक दिये जायेंगे, आगे की यात्रा नहीं कर सकेंगे। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी कर्वी, मऊ, मानिकपुर, राजापुर, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी व सभी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को भी चारधाम यात्रा को पंजीकरण को प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये हैं।

# शोपीस बने ग्राम सचिवालय, कहीं लगा ताला, कहीं गंदगी का अंबार, कही नहीं है पंचायत सहायक

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** ग्रामीण क्षेत्रों में एक ही छत के नीचे सभी तरह की ऑनलाइन सुविधा मुहैया कराने को खोले गये ग्राम सचिवालय शोपीस बनकर रह गये हैं। इनमें न कोई बैठता है, न कोई कर्मचारी काम करता है।

गुरुवार को ग्राम सचिवालय का खुलासा हुआ। बताया गया कि कई सचिवालय तो गंदगी से भरे पड़े हैं। वर्षों से साफ-सफाई नहीं हुई। पड़ताल में पता चला कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत चित्रकूटधाम मंडल के चारों जिले बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट में तकरीबन पचास करोड़ से अधिक खर्चकर 1403 में 1402 ग्राम सचिवालय बनवाये गये थे। लाखों-करोड़ों रुपये के कम्प्यूटर व अन्य उपकरण रखे गये थे। पंचायत सहायक की तैनाती की गई। जनसेवा केंद्र खोला गया, लेकिन यहां कुछ नहीं हो रहा। कम्प्यूटर धूल फांक रहे हैं। ग्रामीण पहले की भांति अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला या तहसील मुख्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। पहाड़ी ब्लाक के दर्जनों गांव में आज भी ग्राम सचिवालय में कोई कार्य नहीं हो रहा है। सचिवालय भवन की साफ-सफाई समय से न होने से गंदगी का अंबार लगा है। नियमतः है कि ग्राम पंचायत के सचिवालय में ग्रामीणों को सुविधा मिलनी चाहिए। ग्राम सचिवालय में एक मीटिंग हॉल, लेखपाल, सचिव कक्ष समेत अन्य सुविधायें दी गई हैं। सचिवालय में ग्रामीणों के लिए जनसेवा केंद्र भी खोला गया है। इसमें आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, खसरा-खतौनी, बिजली बिल, परिवार रजिस्टर की नकल आदि देने की सुविधायें मिलती हैं। यहां सरकार ने कम्प्यूटर ऑपरेटर, पंचायत सहायक तैनात किये हैं। ग्राम सचिवालय में सोमवार से शनिवार तक लेखपाल, सचिव, आशा बहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संबंधित बीट के सिपाही समेत राजस्व विभाग के कर्मचारियों का सवेरे दस बजे से दोपहर 12 बजे तक बैठना अनिवार्य है, ताकि ग्रामीणों की हर समस्या का समाधान हो सके। गांव में होने वाले विभिन्न विवादों को भी यहां पुलिस समझौते से निपटाने की व्यवस्था है। धरातल पर सरकार की मंशा को सरकार के नुमाइंदे धूल में मिला रहे हैं। ब्लाक पहाड़ी के अधिकांश गांवों में बने सचिवालय महज शोपीस बनकर रह गये हैं। सचिवालय में होने वाले कार्य सचिवालय में नहीं हो रहे। ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्य के लिए विकासखंड मुख्यालय व तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस बाबत एडीओ पंचायत पहाड़ी कमल कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत का कार्यालय रोज खुलना चाहिए। यहां पर पंचायत सहायक की तैनाती है। अन्य कर्मचारियों के आने के दिन निश्चित हैं। ग्राम सचिवालय बंद रहते हैं तो जांच करायेंगे। दोषियों पर कार्यवाही की जायेगी। ग्राम पंचायत जमहिल के ग्रामीणों की मानें तो विकासखंड पहाड़ी की अधिकांश ग्राम पंचायतों का ग्राम सचिवालय हमेशा बंद रहता है। जब कभी प्रधान-सचिव निजी काम को खोल लेते हैं। कोई कर्मचारी नहीं बैठता है। ग्रामीणों के आय-निवास समेत योजनाओं के आवेदनों को मुख्यालय जाना पड़ता है। ब्लाक पहाड़ी के जमहिल गांव के ग्रामीण माता प्रसाद, बोधीलाल, शिवपूजन ने कहा कि सचिवालय में ताला बंद रहता है। कोई कर्मचारी नहीं बैठता। कभी-कभार प्रधान व सचिव निजी काम से बैठ जाते हैं। कार्य होने के बाद बंदकर दिया जाता है। इस बाबत प्रधान हरिप्रसाद ने बताया कि ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक की छह माह से नियुक्ति नहीं है। पूर्व में ग्राम पंचायत अधिकारी रही प्रियवंदा पांडेय गांव के अभिलाष कुमार से कार्य कराती रही है, लेकिन जब से कमल कुमार की नियुक्ति हुई, तब से ग्राम पंचायत अधिकारी खुद गांव नहीं आते। न ही पंचायत सहायक से कार्य करवाते हैं। इससे ग्रामीणों को मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।




बन्द पडे ग्राम सचिवालय के बारे में बताता ग्रामीण।

# डीएफओ से की सूखे पेड कटवाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विकास के नाम पर बिना रोकटोक के हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटान हो रही है। वर्षों से खड़े सूखे पेड़ों को वन विभाग व वन निगम कटान नहीं करा रहा। सूखे पेड़ों से लोगों को हादसे की आशंका है। गुरुवार को इलाहाबाद रोड कर्वी राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे दो सूखे पेड़ खडे हैं। इन्हें कटवाने को वार्ड मेम्बर शंकर प्रसाद यादव ने डीएफओ डा एनके सिंह से भेंटकर लिखित पत्र सौंपा। वर्षों से खड़े सूखे पेड़ों से हादसे की आशंका जताई। डीएफओ ने भरोसा दिया कि जल्द दोनों सूखे पेड़ों की कटान कराई जायेगी। वार्ड मेम्बर ने डीएफओ को बताया कि खोवा मंडी के पास एक पेड़ तीन-चार वर्ष से सूखा खड़ा है। इस बाबत उन्होंने एक साल में चार-पांच पत्र वन विभाग को लिखे हैं। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूखे पेड न काटे गये तो लोगों की जानमाल का खतरा है।



डीएफओ को पत्र सौंपते वार्ड मेम्बर।

## परीक्षा देने निकला छात्र ट्रेन की चपेट में आया, मौत

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के लूक गांव निवासी बीएससी के छात्र की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार छात्र रेलवे लाइन करते समय ट्रेन की चपेट में आया है। लूक भरतकूप निवासी छात्र रामनरेश कुशवाहा (22) बीएससी फाइनल का छात्र था। उसके चचेरे भाई मूलचंद्र ने बताया कि मंगलवार को रामनरेश घर से परीक्षा देने के लिए निकला था। इसके बाद शाम को जीआरपी ने फोन पर घर में बताया कि रामनरेश की ट्रेन से कटने पर मौत हो गई है। परिजनों ने दावा किया कि पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से हादसा हुआ है। जीआरपी प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि स्टेशन मास्टर से सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। पिता रमाशंकर किसान हैं और यही उनकी आजीविका का साधन है। पांच भाई व एक बहन में रामनरेश सबसे छोटा था।

## एसपी के निर्देश पर आठ पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष रैपुरा ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले आठ लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

गुरुवार को थानाध्यक्ष रैपुरा ने दिनकपुर पुत्र श्यामसुन्दर उर्फ चुन्ना महुलिया मजारा इटवां, अभिषेक कुमार पुत्र अजीत प्रताप सिंह उर्फ राजाबाबू बासिंघा, प्रेमराज यादव पुत्र अयोध्या अहिरनपुरवा मजरा लौरी, गुलाबचन्द्र यादव पुत्र शिववंश अहिरनपुरवा मजरा लौरी, राजबली पुत्र रामहित रामनगर, शंकरदयाल यादव पुत्र रामहित रामनगर, शिवदास पुत्र नत्थू द्विवेदी रामनगर व सालिगराम पुत्र नत्थू द्विवेदी रामनगर पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधियों में खलबली मची है।



एसपी अरुण कुमार सिंह।

# दक्षिण अफ्रीका में नई सरकार चुनने को मतदान जारी, राष्ट्रपति रामाफोसा को सत्ता में वापसी का भरोसा

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय सरकारों को चुनने के लिए बुधवार को लाखों लोगों ने मतदान किया। इस बीच यह अनुमान लगाया जा रहा है कि राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली ह्यअफ्रीकन नेशनल कांग्रेसह्ल (एएनसी) 30 साल पहले नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपने बहुमत से दूर हो सकती है। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और रात नौ बजे तक चला। अंतिम परिणाम रविवार तक आने की उम्मीद है। हालांकि, राष्ट्रपति रामाफोसा (71) को पूरा विश्वास है कि उनकी पार्टी चुनाव में सत्ता में वापस आएगी। रामाफोसा ने वोट डालने के बाद मीडिया से कहा, दक्षिण अफ्रीका के लोग आज मतदान करके एएनसी को पूर्ण बहुमत देंगे। इसे लेकर मेरे मन और मस्तिष्क में कोई संदेह नहीं है। इन चुनाव में तीन दशक से प्रभुत्व रखने वाली एएनसी की



प्रतिष्ठा दांव पर है। पार्टी ने दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद के क्रूर श्वेत अल्पसंख्यक शासन से 1994 में बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई थी।

सभी के लिए बेहतर जीवन के नारे के साथ रंगभेद को समाप्त करने का वादा करने वाली इस पार्टी के सामने असमानता, गरीबी और बेरोजगारी जैसी विकट समस्याएं हैं और इनसे परेशान अश्वेत बहुसंख्यकों ने पार्टी को सत्ता से बेदखल करने की चेतावनी दी है। चुनाव में अगर एएनसी को बहुमत नहीं मिला तो उसे सरकार बनाने और पार्टी के नेता एवं राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को शीर्ष पद पर बनाए रखने के लिए अन्य दल के साथ गठबंधन करना पड़ सकता है। इससे पहले एएनसी को कभी ऐसी परिस्थिति का सामना नहीं करना पड़ा। रामाफोसा ने कहा कि उनके नेतृत्व में एएनसी ने एक जबरदस्त प्रचार अभियान चलाया था और पार्टी कार्यकताओं ने देश के कोने-कोने में जाकर लोगों से संपर्क किया तथा उन लोगों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जो मतदान करने के बारे में संशय में थे।

उन्होंने कहा, हमें इस बात को लेकर प्रसन्नता हुई कि ज्यादातर संख्या में युवा लोग मतदान के लिए पंजीकरण करा रहे हैं और हम अपने देश के लोगों से आग्रह करते रहे हैं कि हम एक स्वच्छ अभियान चलाना चाहते हैं।हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि इस पूरे चुनाव में लोकतंत्र की ही जीत हो। राष्ट्रीय और प्रांतीय चुनावों में 52 राजनीतिक दल और पहली बार बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं।

पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को न्यायालय की अवमानना के आरोप के कारण संसद के लिए चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है, लेकिन उनका नाम मतपत्र में है।

# 2023 हिंसा के दोषियों को सख्त सजा दे कोर्ट : पाक सेना –

**रावलपिंडी:** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने गुरुवार को 9 मई 2023 को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों के दोषियों को न्याय के दायरे में लाने पर फिर से जोर दिया. सेना प्रमुख ने रावलपिंडी स्थित जनरल मुख्यालय (जीएचक्यू) में आयोजित 83वें फॉर्मेशन कमांडर्स सम्मेलन में ये बयान दिया. इस सम्मेलन में कोर कमांडरों, प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर्स और पाकिस्तानी सेना के सभी फॉर्मेशन कमांडर शामिल हुए. इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा, 'फोरम ने बीते वर्ष के दंगों और बर्बरता मामले में पारदर्शी न्याय व्यवस्था पर जोर दिया.'

आईएसपीआर के अनुसार, फोरम ने इस बात पर गौर किया कि 9 मई 2023 की हिंसा की प्लानिंग करने वालों, अपराधियों, उकसाने वालों और उनको सुविधा देने वालों को देश की सामूहिक भलाई के लिए न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए. फोरम ने राजनीति से प्रेरित और निहित डिजिटल आतंकवाद का भी गंभीरता से संज्ञान लिया.



आईएसपीआर ने कहा, 'फोरम ने इस बात पर भी जोर दिया कि राजनीतिक रूप से प्रेरित और निहित डिजिटल आतंकवाद का स्पष्ट उद्देश्य पाकिस्तान में निराशा पैदा करना, संस्थाओं, विशेषकर सशस्त्र बलों और देश के लोगों के बीच झूठ, फर्जी खबरें और दुष्प्रचार फैलाकर मतभेद पैदा करना है.'

हालांकि, देश उनके गुप्त उद्देश्यों से पूरी तरह परिचित है. निश्चित रूप से इन नापाक ताकतों के मंसूबों को पूरी तरह से पराजित किया जाएगा. पाकिस्तानी सेना फॉर्मेशन कमांडर्स कॉन्फ्रेंस के लेटेस्ट बयान से संकेत मिला है कि पूर्व पीएम इमरान खान के साथ नई सरकार का किसी भी तरह की गुप्त बातचीत या संपर्क की कोई संभावना नहीं है. बीते वर्ष 9 मई को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट से गिरफ्तार किया गया. इसके बाद पार्टी और उनके शीर्ष नेताओं के समर्थकों ने सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया. उन्होंने महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला भी किया था. हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण रावलपिंडी स्थित जनरल मुख्यालय समेत पूरे पाकिस्तान में प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर भीड़ ने लक्षित हमले किये थे।

## नेपाल : सत्ता पक्ष के नेता का विपक्षी गठबन्धन की बैठक में जाने से राजनीति तरंगित

**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता पक्ष के एक बडे. नेता के अचानक विपक्षी गठबंधन की बैठक में सहभागी होने से देश की राजनीतिक माहौल में एक नयां तरंग ला दिया है। माओवादी नेतृत्व में रहे वामपंथी गठबन्धन के एक बडे. नेता पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल अचानक ही विपक्षी गठबन्धन की बैठक में सहभागी होने चले गए। प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा के निवास पर विपक्षी गठबन्धन की बैठक बुलाई गई थी। उस बैठक में विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं के अलावा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के नेता मौजूद थे। इसी बीच अचानक ही सत्तापक्ष से जुडे.एकीकृत समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल वहां पहुंच गए। विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल कांग्रेस के नेता ज्ञानेन्द्र कार्की ने बताया कि बीच बैठक में अचानक ही माधव नेपाल के इंट्री से हम सभी आश्चर्यचकित थे। कार्की ने कहा कि माधव नेपाल ने सत्ता गठबन्धन से परेशान रहने और जल्द ही सत्ता गठबन्धन को लेकर कोई बडा निर्णय करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माधव नेपाल ने सत्ता गठबन्धन में असहज महसूस करते हैं और पार्टी के भीतर इस बात पर चर्चा चल रही है कि इस गठबन्धन को छोडकर नए विकल्प पर विचार करने का समय आ गया है। माधव नेपाल के विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होने के बाद सत्ता पक्ष में भूचाल आ गया है। 10 सांसदों वाली पार्टी के अध्यक्ष माधव नेपाल के विपक्षी खेमे की बैठक में चले जाने से खुद प्रधानमंत्री प्रचण्ड भी परेशान हो गए हैं। उन्होंने तत्काल ही माधव नेपाल से फोन पर बातचीत की। एक कार्यक्रम से निकलते समय पत्रकारों से बातचीत में प्रचण्ड ने बताया कि माधव नेपाल से उनकी बातचीत हो गई है और उन्होंने भरोसा दिया है कि वो इस सत्ता गठबन्धन को छोड कर नहीं जाएंगे। मामले की गम्भीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ दलों की इमरजेसी बैठक बुलाई है।

## ईरान सेना की फायरिंग में चार पाकिस्तानी नागरिकों की मौत और दो घायल, क्षेत्र में बढ़ा तनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सीमा पर ईरान की सेना द्वारा की गई फायरिंग में चार पाक नागरिकों की मौत हो गई है और दो जख्मी हो गए हैं। ईरान की तरफ से यह फायरिंग पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में वाहन पर की गई। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। बलूचिस्तान प्रांत के अर्धसैनिक बलों के सूत्र ने बताया कि मंगलवार-बुधवार रात तहसील मशकिल बाचा राय में हुई घटना पर अधिकारी ईरानी समकक्षों के संपर्क में हैं। हालांकि अब तक ईरान की सेना द्वारा सीमा पार वाहन पर की गई फायरिंग का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। गत जनवरी में ईरान ने अशांत बलूचिस्तान में आतंकी ठिकाने होने का आरोप लगाते हुए हवाई हमले किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान में आतंकी के ठिकानों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन व रॉकेट का प्रयोग किया था। हमले में नौ लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि दोनों पक्षों ने राजनयिक माध्यम से समस्या को हल कर लिया था।

## गाजा और मिस्र की सीमा से लगे अहम सामरिक गलियारे पर इजराइली सेना का नियंत्रण

**तेल अवीव।** गाजा की मिस्र से लगती सीमा पर स्थित अहम सामरिक गलियारे पर इजराइली सेना ने नियंत्रण स्थापित कर लिया है। इसकी पुष्टि बुधवार को इजराइली सेना की है।

फिलाडेल्फी के नाम से जाना जाने वाला यह गलियारा पड़ोसी देश मिस्र की सीमा पर दक्षिणी गाजा शहर रफाह के पास है, जहां हाल ही में इजराइली सेनाएं लड़ रही हैं। मिस्र से गाजा में तस्करी करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सुरंगें इसी इलाके में स्थित हैं। हालांकि, सेना ने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने जियो फाइनेंस ऐप किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने गुरुवार को जियो फाइनेंस ऐप को लॉन्च किया है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के बीटा वर्जन इस ऐप पर उपभोक्ता को डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई लेनदेन, बिल पेमेंट और इंश्योरेंस एडवाइजरी जैसी सर्विसेज मिलेंगी।

# दक्षिण अफ्रीका आम चुनाव : अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस शुरूआती नतीजों में 43 प्रतिशत वोट के साथ बनाई बढ़त

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक बार फिर से सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) एक बार फिर सत्ता में वापसी कर सकती है। एएनसी ने आम चुनाव के शुरुआती नतीजों में करीब 43 प्रतिशत वोट के साथ बढ़त बना ली है। जबकि विपक्षी डेमोक्रेटिक अलायंस को 26 प्रतिशत मत हासिल हुए। देश में 23 हजार मतदान केंद्रों पर जारी मतगणना के नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बुधवार को हुए चुनाव के अंतिम नतीजे रविवार को ही उपलब्ध होंगे। विश्लेषकों का कहना है कि अभी भी यह पुष्टि करना जल्दबाजी होगी कि एएनसी अपना बहुमत खो देगी। यह अनुमान लगाया जा रहा था कि राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी 30 साल पहले नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो



सकती है। निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार की सुबह 11 बजे साझा किये गये नतीजों के अनुसार एएनसी को लगभग 43 प्रतिशत मत मिले हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक अलायंस को 26 प्रतिशत वोट मिले और इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) पार्टी लगभग आठ प्रतिशत वोट के साथ तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रीय और प्रांतीय चुनावों में 52 राजनीतिक दल और पहली बार बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। राष्ट्रपति रामाफोसा को पूरा विश्वास है कि उनकी पार्टी सत्ता में वापस करेगी।

पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को न्यायालय की अवमानना के आरोप के कारण संसद के लिए चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था, लेकिन उनका नाम मतपत्र में है।

# रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के पीछे साजिश से ईरान का इनकार

**तेहरान :** ईरान ने तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के पीछे किसी साजिश से इनकार किया है. गत 19 मई को हुए इस हादसे में रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियान समेत हेलीकॉप्टर में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई थी. आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, ईरानी सेना के स्टाफ ने बुधवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर अपनी दूसरी रिपोर्ट जारी की.

रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर के मलबे की जांच, और फ्यूजलेज से जिस दूरी पर तथा जिस प्रकार मलबा बिखरा हुआ था उससे उड़ान के दौरान या पहाड़ से हेलीकॉप्टर के टकराने से कुछ क्षण पहले साजिश के तहत विस्फोट की संभावना खारिज हो जाती है.

इसमें कहा गया है कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर का कोई निशान नहीं मिला है.

हालांकि, ईस्ट अजरबैजान प्रांत की राजधानी तैबरीज की ओर वापसी के रास्ते में मौसम कैसा था, इसके लिए अभी और जांच की जरूरत है.

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर पर यात्रियों और उपकरणों का कुल वजन उड़ान भरते समय तथा उड़ान के दौरान अधिकतम सीमा के अनुपात में था. इसके अलावा हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 69 सेकंड पहले तक हेलीकॉप्टर के चालक दल के सदस्य खास फ्रीक्वेंसी पर संपर्क में थे जिससे संपर्क में बाधा या फ्रीक्वेंसी में इंटरफ्रेंस की संभावना खारिज हो जाती है. ईरानी सेना के जनरल स्टाफ की जांच समिति की पहली रिपोर्ट 23 मई को जारी की गई थी.

# ताइवान ने देश भर में 38 चीनी सैन्य विमानों, 11 नौसैनिक जहाजों को ट्रैक किया

**ताइपे:** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बुधवार 29 मई को सुबह 6 बजे से गुरुवार को सुबह 6 बजे के बीच ताइवान के आसपास 38 चीनी सैन्य विमानों, सात नौसैनिक जहाजों और चार तट रक्षक जहाजों को ट्रैक किया. ताइवान न्यूज रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी गई. ताइवान का राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (टठऊ) ने उल्लेख किया कि 38 पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (ढछअ ) विमानों में से 28 ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार करने के बाद उत्तर और दक्षिण-पश्चिम में देश के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया.

ताइवान ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के विमानों, नौसैनिक जहाजों और तटीय-आधारित मिसाइल प्रणालियों के संचालन की निगरानी करके जवाब दिया. सितंबर 2020 से चीन




ने ताइवान के आसपास संचालित सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या में वृद्धि करके सुरक्षा और स्थिरता के लिए चुनौतियां पैदा की. इस महीने के दौरान ताइवान ने चीनी सैन्य विमानों को 441 बार और नौसेना/तट रक्षक जहाजों को 254 बार ट्रैक किया है. कल ही ताइवान ने देश के आसपास 13 चीनी सैन्य विमान, पांच नौसैनिक जहाज और चार तट रक्षक जहाजों का पता लगाया था। ताइवान पर कभी शासन न करने के बावजूद चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी इसे अपना हिस्सा मानती है और आवश्यकता पड़ने पर बलपूर्वक उस पर कब्जा करने की धमकी भी दे चुकी है. इससे पहले 27 मई को चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी सांसदों की हालिया ताइवान यात्रा का कड़ा विरोध किया था. अमेरिकी सांसदों की ताइवान यात्रा के बीच चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि बीजिंग अमेरिका और ताइवान के बीच सैन्य संपर्क के साथ-साथ ताइवान को हथियार देने के किसी भी प्रयास का कड़ा विरोध करता है। चीन द्वारा ताइवान के निकट 'बड़े पैमाने पर' सैन्य अभ्यास किए जाने के कुछ दिनों बाद अमेरिकी सांसदों ने स्वशासित द्वीप ताइवान की यात्रा की. पिछले सप्ताह का अभ्यास चीन द्वारा एक वर्ष से अधिक समय में किया गया सबसे बड़ा अभ्यास था. यह ताइवान में नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के शपथ ग्रहण के कुछ ही दिनों बाद हुआ. द्वीप की संप्रभुता और विशिष्ट चरित्र को बढ़ावा देने के कारण लाई चिंग ते का बीजिंग द्वारा खुले तौर पर तिरस्कार किया जाता है।

## चीनी सेना ने ताइवान की स्वतंत्रता का मतलब युद्ध बताया- ताइवान में अलगाववादी गतिविधियों के समर्थन में विदेशी हस्तक्षेप विफल करने को तैयार है चीन

**बीजिंग।** ताइवान को अपना अभिन्न अंग बताने वाला चीन एकबार फिर से द्वीप देश की स्वतंत्रता का विरोध किया है। चीनी सेना के प्रवक्ता ने ताइवान की स्वतंत्रता का मतलब युद्ध बताया है। इसके साथ यह भी कहा कि ताइवान में ह्लअलगाववादी गतिविधियोंह्व के समर्थन में विदेशी हस्तक्षेप को विफल करने के लिए दृढ़ कार्रवाई करने के लिए तैयार है। चीनी सैन्य प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने गुरुवार को मीडिया को बताया कि चीन का एकीकरण इतिहास की एक अपरिवर्तनीय प्रवृत्ति है और पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ह्लताइवान की किसी भी स्वतंत्रताह्व का जवाब देने के लिए दृढ़ कार्रवाई करने के लिए तैयार है। वू, ताइवान के नए नेता लाई चिंग-ते द्वारा 20 मई को द्वीप के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण के दौरान दिए गए स्वतंत्रता समर्थक भाषण पर पूछे गए प्रश्न पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। लाई (64) को विलियम लाई के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने इस वर्ष जनवरी में हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीतने के बाद स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के अपने सहयोगी साई इंग-वेन का स्थान लिया। लाई ने सोमवार को ताइपे में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। चीन ताइवान को एक विद्रोही प्रांत मानता है और उसका कहना है कि इसे मुख्य भूमि के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए, भले ही इसके लिये बल का इस्तेमाल क्यों न करना पड़े। लाई की डीपीपी पार्टी चीन से स्वतंत्रता नहीं चाहती है, बल्कि उसका मानना है कि ताइवान पहले से ही एक संप्रभु राष्ट्र है। कर्नल वू ने कहा कि लाई का भाषण बलपूर्वक और बाहरी ताकतों पर निर्भर होकर ह्लताइवान की स्वतंत्रताह्व प्राप्त करने के उनके प्रयासों की स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि पीएलए इसका दृढ़ता से विरोध करती है और उसने कड़े जवाबी कदम उठाए हैं। वू ने कहा कि ताइवान की स्वतंत्रता की मांग करने वाली अलगाववादी गतिविधियां ताइवान जलडमरूमध्य में शांति के लिए सबसे बड़ा वास्तविक खतरा हैं। वू ने कहा कि पीएलए राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के मिशन पर काम कर रही है।

## क्रिकेटर लामिछाने को अमेरिका ने दोबारा वीजा देने से किया इनकार

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के दबाव के बावजूद अमेरिका ने क्रिकेट खिलाड़ी संदीप लामिछाने को वीजा देने से इनकार कर दिया है।

नेपाल सरकार के अमेरिकी दूतावास ने डिप्लोमैटिक नोट भेजे जाने के बावजूद क्रिकेटर लामिछाने को विश्व कप क्रिकेट में खेलने के लिए अमेरिका जाने के लिए वीजा देने से साफ इनकार कर दिया। सरकार के डिप्लोमैटिक नोट के बाद लामिछाने को वीजा इंटरव्यू में तो बुलाया गया लेकिन उन्हें बुलाकर सिर्फ यही कहा गया कि अमेरिकी दूतावास उन्हे वीजा नहीं दे सकती। अमेरिकी दूतावास ने पांच मिनट में ही लामिछाने को बाहर जाने को कह दिया था। अमेरिकी दूतावास से निराश होकर निकले क्रिकेटर संदीप लामिछाने ने कहा कि यह मेरा दुर्भाग्य है कि मेरे साथ ऐसा हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं अपने प्रशंसकों का आभारी हूं जिन्होंने मेरे लिए संघर्ष किया। लामिछाने ने कहा कि उन्हें विश्वकप में खेलने का मौका नहीं मिला इस बात का तो उन्हें दुख है लेकिन इस बात की खुशी है कि देश को कई सालों के बाद विश्वकप में खेलने का मौका मिल रहा है।

## ब्राजील के राष्ट्रपति ने इजराइल से राजदूत को वापस बुलाया



**रियो डी जेनेरियो।** गाजा में युद्ध को लेकर ब्राजील और इजराइल के बीच महीनों से जारी तनाव के बाद बुधवार को राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने तेल अवीव से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है। ब्राजील ने इस कदम की आधिकारिक रूप से जानकारी दी है।

इससे पहले गाजा पर हमले की राष्ट्रपति लूला इजराइल की आलोचना कर चुके हैं। इस साल की शुरूआत में उन्होंने गाजा युद्ध की तुलना यहूदियों के नरसंहार से की थी। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्स ने ब्राजील के राजदूत को यरूशलम में स्थित राष्ट्रीय होलोकॉस्ट संग्रहालय में बुलाकर सार्वजनिक रूप से नाराजगी जाहिर की थी।

मामले से अवगत ब्राजील विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार ब्राजील ने काट्स के कदम के जवाब में और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपने राजदूत को वापस बुलाया है कि उस घटनाक्रम के बाद से कोई सकारात्मक बदलाव नहीं हुआ है।